



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 55 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 26 नवंबर 2024 डाक 27 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन संसद भवन परिसर में भाजपा सांसद कंगना रनौत



**देश-विदेश**
विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी लिरेन के नाम भारतीय चैलेंजर पिछड़े




**फीचर पेज**
क्या आपके बच्चों को भी है मीठा खाने की लत, छुड़वाने के लिए अपनाएं ये तरीके



## एकनाथ शिंदे ने सीएम पद से दिया इस्तीफा शिवसेना बोली- मोदी-शाह का फैसला सर्वमान्य



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया है। अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद हैं। अब महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसे लेकर स्थिति साफ नहीं हो पाई है। इसी बीच शिंदे की एक पोस्ट ने भी चर्चाएं बढ़ा दी हैं। दरअसल, शिंदे ने अपने समर्थकों से आवास के बाहर जश्न नहीं मनाने की अपील की है। कहा जा रहा है कि महायुति की जीत के बाद सीएम पद की रेस में सबसे आगे फडणवीस चल रहे हैं। इधर, शिवसेना भी शिंदे का नाम आगे बढ़ा रही है। शिंदे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, महायुति गठबंधन की बड़ी जीत के बाद राज्य में एक बार फिर हमारी सरकार बनेगी। हमने एक महागठबंधन के रूप में मिलकर चुनाव लड़ा और हम आज भी साथ हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से 'वर्षा निवास' के बाहर या उनके समर्थन में किसी अन्य स्थान पर इकट्ठा नहीं होने की अपील की। शिंदे ने कहा, मेरे प्रति प्रेम के कारण कुछ लोगों ने सभी से मुंबई आने और एकत्र होने की अपील की है। मैं आपके प्यार के लिए बहुत आभारी हूं लेकिन मैं अपील करता हूं कि कोई भी मेरे समर्थन में इस तरह से एकत्र नहीं हो।

## आमरण अनशन से पहले किसान नेता जगजीत डल्लेवाल डिटेन, रात तीन बजे पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया

**चंडीगढ़, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

पंजाब पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल को डिटेन कर लिया है । उन्हें साढ़े तीन बजे खनोरी बॉर्डर से ले जाया गया है। जहां पर वह आज से आमरण अनशन पर बैठने वाले थे। भारतीय किसान यूनियन तोतेवाल के प्रदेश प्रधान सुख गिल ने जानकारी देते हुए बताया है कि लगभग 200 के करीब पुलिसकर्मियों ने रात को 3.30 बजे आकर जगजीत सिंह डल्लेवाल को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, पहले ऐसा कहा जा रहा था कि उन्हें अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है लेकिन अब सूचना आ रही है कि उन्हें लुधियाना के डीएमसी में दाखिल करवाया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत कई अन्य मांगों को लेकर फरवरी महीने से धरने पर बैठे



भारतीय किसान यूनियन सिद्धपुर और किसान मजदूर संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं की ओर से आज से संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया गया था। जिसके तहत जगजीत सिंह डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर पर अमर अनशन करना था। उन्होंने यह भी घोषणा की कि यदि इस दौरान उन्हें कुछ हो गया तो भी यह अनशन नहीं रुकेगा, उनकी जगह कोई अन्य नेता मरण व्रत पर बैठ जाएगा आज अनशन शुरू करने से पहले उन्होंने अपनी सारी जमीन जायदाद अपनी वारिसों के नाम कर दी।

डल्लेवाल ने कल ही कहा था कि 13 फरवरी से हरियाणा की सीमा शंभू और खनौरी पर लगातार आंदोलन चल रहा है लेकिन केंद्र सरकार उनकी मांग को लेकर संजीदा नहीं है। काबिले गौर है कि फरवरी महीने में तब के कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल के साथ छह बैठके हुई थी लेकिन किसान संगठनों और केंद्र सरकार के बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ सकी क्योंकि उस समय लोकसभा के आम चुनाव थे। इसलिए बातचीत वही बंद कर दी गई लेकिन नई सरकार के गठन के बाद भी केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच कोई बातचीत शुरू नहीं हुई ।

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ी, चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया



**चेन्नई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरबीआई अधिकारियों ने बताया कि शक्तिकांत दास को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। इसके बाद आरबीआई प्रवक्ता की ओर से भी बयान जारी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एसिडिटी की शिकायत हुई और उन्हें निगरानी के लिए चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत ठीक है। अगले 2-3 घंटों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।

## संविधान हमारे राष्ट्र की जीवनरेखा, अधिकारों की देता है गारंटी: मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली 26 नवंबर।** संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को नागरिकों से संविधान के मूल्यों की रक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, संविधान को अपनाने का 75वां वर्ष आज शुरू हो गया है। मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पूर्वजों द्वारा मेहनत से तैयार किया गया भारत का संविधान हमारे राष्ट्र की जीवनरेखा है। यह हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देता है। यह भारत को एक संप्रभु समाजवादी लोकतांत्रिक गणराज्य बनाता है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व केवल आदर्श या विचार नहीं हैं, बल्कि ये 140 करोड़ भारतीयों के लिए जीवन का मार्ग हैं। उन्होंने आगे लिखा, आज हम संविधान सभा और उसके सदस्यों के योगदान को याद करते हैं। हम उनकी दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के सदैव ऋणी रहेंगे। पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब डॉ. बी. प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं जो पीढ़ियों के लिए आशा के पथ प्रदर्शक बनते हैं।

संविधान सभा का उल्लेख उन 15 महिला सदस्यों के योगदान को याद किए बिना पूरा नहीं होगा, जिन्होंने समावेशी भारत के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण सुझाव दिए। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि संविधान सभा को आम नागरिकों से अनगिनत सुझाव मिले जो रिकॉर्ड में दर्ज हैं। खड़गे ने आगे कहा, संविधान सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के महत्वपूर्ण अंतिम भाषण द्वारा प्रस्तावित उद्देश्य प्रस्ताव संविधान के किरायेदारों की रक्षा के लिए मैग्ना कार्टा (महान चार्टर) का निर्माण करते हैं।

## बातचीत के बाद माता वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट विरोधी प्रदर्शन स्थगित

**जम्मू, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

रियासी के कटरा कस्बे में माता वैष्णो देवी मंदिर में प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ चार दिनों से चल रहा विरोध प्रदर्शन मंगलवार को सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत के बाद स्थगित कर दिया गया। कल प्रदर्शनकारियों द्वारा आयोजित धरने के दौरान पत्थरबाजी हुई थी। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि रियासी के डिप्टी कमिश्नर विशेष महाजन ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और उन्हें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का आश्वासन दिया कि वे प्रदर्शनकारियों की सभी वास्तविक चिंताओं पर गौर करेंगे। रियासी के डिप्टी कमिश्नर ने संवाददाताओं को बताया कि कटरा रोपवे परियोजना पर उनकी चिंताओं के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।




उन्होंने प्रदर्शनकारियों के नुमाइंदों से मुलाकात के बाद कहा, मुझे विश्वास है कि आपसी सम्मान और चर्चा के माध्यम से हम सभी हितधारकों को संतुष्ट करने वाले समाधान पर पहुंच सकते हैं। प्रदर्शनकारियों ने 15 दिसंबर तक अपनी हड़ताल स्थगित करने पर सहमति जताई। प्रदर्शनकारी दुकानदार और मजदूर मांग कर रहे हैं कि रोपवे परियोजना को बंद किया जाए या इससे प्रभावित होने वाले सभी लोगों को मुआवजा दिया जाए। डीसी रियासी और प्रदर्शनकारी हितधारकों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के दौरान एसएसपी रियासी परमवीर सिंह, एसपी कटरा विपन चंद्रन और माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के अध्यक्ष भी हैं। तवी रिवरफ्रंट परियोजना का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि रोजगार के नुकसान से संबंधित चिंताओं का ध्यान रखा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं और लोगों के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

इससे पहले, सोमवार को प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ दुकानदारों और मजदूरों द्वारा निकाले गए मार्च ने उस समय उग्र रूप ले लिया, जब कुछ प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई और उन्होंने पथराव किया, जिसके परिणामस्वरूप एसएचओ कटरा और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी को मामूली चोट आई।

## कानपुर में ढहा 150 साल पुराने ऐतिहासिक गंगापुल का एक हिस्सा, अंग्रेजों के जमाने में हुआ था निर्माण



**कानपुर, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

**कानपुर से उन्नाव को वाया शुक्लागंज जोड़ने वाला पुराने गंगापुल का कानपुर की ओर कोठी से जुड़ा हिस्सा मंगलवार की सुबह ढह गया। पल की जर्जर स्थिति को देखते हुए करीब 2 साल पहले आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। स्कूल को संरक्षित करने की बात चल रही थी। लेकिन इसे तोड़ा जाएगा या संरक्षित किया जाएगा इसे लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है।**

अंग्रेजों के जमाने का यह पुल काफी चर्चित रहा है। इसमें पैदल यात्रियों के चलने के लिए नीचे रास्ता बना था जबकि ऊपर गाड़ियां दौड़ती थी। कई फिल्म की शूटिंग इस पुल पर हुई है। कानपुर कनकैया नीचे बहती गंगा मैया, यह प्रसिद्ध लाइन इसी पुल को लेकर कही गई थी। कानपुर छोर की ओर पुराने गंगापुल की नौ व दस नंबर कोठी के बीच का हिस्सा भोर पहर गंगा नदी में गिर गया। गंगा स्नान करने पहुंचे लोगों ने जब गिरे हुए पुल के हिस्से को देखा तो अफरा तफरी मच गई । मौके पर अबतक किसी विभाग का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है। सन् 1875 में अंग्रेजों के जमाने में बनाया गया यातायात पुल 146 वर्ष तक चलने के बाद बीती 5 अप्रैल वर्ष 2021 में रात 12.06 बजे जर्जर घोषित होने के बाद यातायात के लिए बंद कर दिया। लोक निर्माण विभाग कानपुर के तत्कालीन अधिशासी अभियंता मुकेश चंद्र शर्मा ने तत्कालीन डीएम कानपुर आलोक तिवारी को रिपोर्ट दी थी कि शुक्लागंज का पुराना गंगापुल अब यातायात के लायक नहीं बचा है। जिस पर डीएम ने उसे बंद करा दिया था। यह पल दो मंजिला था। नीचे पैदल यात्री व साइकिल सवार चलते थे, जबकि ऊपर गाड़ियां दौड़ती थी। इस पुल पर कई फिल्मों की शूटिंग हुई। कानपुर कनकैया, नीचे बहती गंगा मैया, यह प्रसिद्ध उक्ति इसी पल को लेकर कही गई थी।

## संविधान देश का सबसे पवित्र ग्रंथ संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**नई दिल्ली।** भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने पर दिल्ली में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भारत की राष्ट्रपति 'संविधान दिवस' के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद हैं। राष्ट्रपति ने संविधान के 75 साल पूरे होने पर राष्ट्रपति ने स्मारक सिक्के का विमोचन किया और डाक टिकट भी जारी किया। संविधान के 75 साल पूरे होने पर संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आधारशीला है।

संविधान देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने आगे कहा, मैं संविधान दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को बधाई देती हूं। इसके अलावा भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का सेंट्रल हॉल में विमोचन किया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो चुका है। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित 16 विधेयकों पर चर्चा कराएगी। वहीं आज यानी 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर सदन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर केजरीवाल और आतिशी ने दी सभी को बधाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए सभी कार्यकर्ताओं और आम आदमी पार्टी से जुड़े सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा है कि हर एक दिन संघर्ष के साथ बीता और अब पार्टी यहां तक पहुंच चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, 2012 में आज का ये दिन इतिहास का वो पल है, जब देश के आम आदमी ने अपनी ताकत पहचानी और आम आदमी पार्टी की स्थापना की। अब तक का हमारा ये सफ़र संघर्ष, बलिदान और जीत की कहानियों से भरा रहा। पिछले एक साल में तो हमें मिटाने की लाख कोशिशें हुईं, लेकिन हमारी ईमानदारी, जनता के प्यार और कार्यकर्ताओं के हौसले ने हमें और मजबूत बना दिया। हम अन्याय और तानाशाही के खिलाफ पहले से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने की हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी। पार्टी के इस स्थापना दिवस पर देश को और बेहतर बनाने का संकल्प लें। जय हिंद। अरविंद केजरीवाल ने संविधान दिवस की भी सबको बधाई देते हुए कहा, संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं, ये हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है।

## चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में बैक-टू-बैक दो धमाके

### दि ओरा नाइट क्लब के बाहर हुए ब्लास्ट, फोरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर मौजूद



**चंडीगढ़, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

सेक्टर 26 में स्थित दि ओरा क्लब के बाहर बाइक पर आए दो युवकों ने दो धमाके कर दिए। हालांकि, अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि धमाके किस चीज से किए हैं। इन धमाकों में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है मगर क्लब के शीशे टूट गए हैं। सूचना मिलने के बाद भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। या मामला वसूली से जुड़ा भी हो सकता है। इससे पहले भी कई क्लब संचालकों से गैंगस्टर वसूली कर चुके हैं और कई को धमकी भी मिल चुकी है। कुछ दिन पहले कल्बो में बाउंसर भेजने की एजेंसी रखने वाले युवक पर भी फिरौती नहीं देने पर जानलेवा हमला किया गया था। चंडीगढ़ पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट भी मौके पर बुलाए हैं। अधिकारी और फोरेंसिक एक्सपर्ट जांच में जुटे हुए हैं। अभी तक पुलिस या प्रशासन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## संविधान दिवस पर निकली पदयात्रा में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय संविधान दिवस पर निकाली गई पदयात्रा में शामिल हुए। आज संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति गांवों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान, जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं होंगी, उन पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का भी आयोजन होगा, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा और समझाया जाएगा। इस मौके पर जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों तथा अन्य संवैधानिक मुद्दों पर वाद-विवाद सेमिनार, जिसमें सामाजिक सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, समय के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान को लचीला बनाने तथा नवीनतम तथा प्रमुख संशोधनों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# 260.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई पहले दिन

## नगर पालिका अध्यक्ष सहित काफी संख्या में किसान रहे मौजूद

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में धान खरीदी महापर्व की शुरुआत 14 नवंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई। यह प्रदेशव्यापी अभियान है, जिसमें किसानों से 3100/- के समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाएगा। यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। इस महापर्व का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करना और राज्य में कृषि को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार की इस पहल से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में 14 नवंबर से धान खरीद कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी कड़ी में कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल व कटघोरा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी द्वारा कटघोरा विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केंद्र कटघोरा में धान खरीद हेतु धान एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट तथा धान का विधिवत पूजन कर केंद्र में धान खरीद का शुभारंभ किया। धान उपार्जन केंद्र कटघोरा में नवागांव के कृषक मनोज कुमार गोभिल का 130 क्विंटल, ग्राम सिंघाली के कृषक होरीलाल द्वारा 12 क्विंटल, ग्राम डुडगा के हनुमान प्रसाद द्वारा 32.80 क्विंटल तथा ग्राम डुडगा के राजेश कुमार डिक्सेना द्वारा 52 क्विंटल धान बिक्री का विगत दिवस टोकन कटवाया गया था, जिसे उनके द्वारा विक्रय हेतु उपार्जन केंद्र कटघोरा लाया गया। पहले दिन कुल 260.80 क्विंटल धान की खरीदी केंद्र में की गई।



जानकारी के अनुसार आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादिय केंद्र कटघोरा में कुल पंजीकृत किसान 1022 है। पिछले वर्ष इस केंद्र से 794 पंजीकृत किसानों से लगभग 41 हज़ार 600 क्विंटल धान खरीदी की गई थी। पिछले वर्ष इस केंद्र में 964 पंजीकृत किसान थे, इस वर्ष 57 नए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। यहां के समिति प्रबंधक विनोद भट्ट ने बताया कि इस वर्ष धान की अच्छी पैदावार हुई है, निश्चित तौर पर इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी धान खरीदी होने की उम्मीद है।

तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी ने कृषकों को शुभकामनाएं देते हुए समिति प्रबंधक विनोद भट्ट को धान खरीद कार्य सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु केंद्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने एवं सभी समितियों में गुणवत्ता युक्त धान खरीद करने के लिए कहा। तहसीलदार ने कहा कि शासन के आदेशानुसार इस वर्ष प्रत्येक एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी हमारी पहली प्राथमिकता है। किसानों से किया वादा छत्तीसगढ़ सरकार पूरा कर रही हैं। पंजीकृत किसानों का धान खरीदना हमारी जवाबदारी है। इस अवसर पर कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रतन मित्तल, उपाध्यक्ष बजरंग पटेल, कटघोरा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, भाजपा नेता मनोज टंडन, दिनेश गर्ग, अभिषेक गर्ग, पत्रकार अजय धनोदिया, राजेश झारिया (सहायक ग्रेड 3) धान मंडी केंद्र कटघोरा, कटघोरा धान उपार्जन केंद्र प्रबंधक विनोद भट्ट, जिला सहकारी समिति के मणिशंकर मिश्रा, बारदाना प्रभारी बद्री देवांगन आदि के साथ कृषक भी उपस्थित रहे।

# 300 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली

कोरबा। अंचल के सर्वमंगला नगर वार्ड में कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रत्याशी मयंक पांडेय सहित लगभग 300 युवाओं को प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री ने भाजपा की सदस्यता दिलाई।

प्रदेश के वाणिज्य,उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र देवांगन के समक्ष मयंक पांडेय ने सैकड़ों समर्थक के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। लखनलाल देवांगन ने उन्हें सदस्यता प्रदान करते हुए विधिवत पार्टी में प्रवेश करा पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक के बारे में सोचती है और उसे आगे बढ़ाने के लिए काम करती है। यही वजह थी की विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक लीड भाजपा को इसी वार्ड से मिली थी। भाजपा जो कहती है वह करती है। योजनावों का लाभ आमजन तक मिले इसके लिए काम करती है। आज इस लिए हर वर्ग का भरोसा सिर्फ भाजपा पर, मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर है। युवाओं का रुझान भी भारतीय जनता पार्टी की ओर ज्यादा है, जो आज मयंक पांडेय सहित अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से दिख रहा है। इस अवसर पर मयंक पांडेय ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और विचारधारा से वे प्रभावित हैं। पार्टी की नीतियों और भाजपा सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने तथा उससे लोगों को लाभांवित कराने के लिए वे अपने साथियों के साथ मिलकर पूरे तन-मन से कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता माधव प्रसाद जायसवाल, रामधन पांडेय, रामबलवंत यादव, कौशिक कुमार केवट, माखन यादव, प्रीतम राजपूत, अजीत सिंह, रामनरेश यादव, मोहर गोस्वामी आदि भी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को नहीं मिल रहा महतारी वंदन योजना का लाभ,प्रशासन से की गई शिकायत

कोरबा। महतारी वंदन योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिसका लाभ छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाओं को मिल रहा है। इस योजना का लाभ लेकर कई महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं लेकिन कोरबा जिले में आज भी ऐसी कई महिलाएं हैं,जिन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।


ग्राम पंचायत सोलवां में रहने वाली कई महिलाएं इस योजना से कोसों दूर है। योजना का लाभ लेने महिलाओं ने फॉर्म भरा लेकिन उसे वापस कर दिया,जिससे महिलाएं काफी परेशान है।

कोरबा के कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद ये महिलाएं कोरबा जिले के ग्राम पंचायत सोलवां की है। महिलाओं की शिकायत है,कि इन्हें प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल पा रही है। सोमवार को आधा दर्जन की संख्या में महिलाएं कलेक्टर के पास पहुंची और ज्ञापन सौंपकर योजना का लाभ दिलवाने की मांग की। महिलाओं का कहना है,कि योजना का लाभ लेने उन्होंने सरपंच और सचिव को आवेदन दिया लेकिन उनके आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया गया और उसे लौटा दिया गया। महिलाओं का कहना है,कि अगर सभी महिलाओं को सरकार इस योजना से लाभान्वित कर रही है,तो उन्हें भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

इससे पहले भी कई दफा कलेक्टर के पास इस तरह की शिकायतें सामने आ चुकी है। महतारी वंदन योजना सरकार की काफी महत्वपूर्ण योजना है जिसके तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपयों की राशि दी जाती है लेकिन किन्ही कारणों से कई पात्र हितग्राही महिलाएं इस योजना से दूर है। प्रशासन को इस दिशा में कारगर कदम उठाने की जरुरत है ताकी सरकारी योजना का लाभ सब को मिल सके।

# डॉ गुप्ता ने शैक्षणिक भ्रमण को बताया महत्वपूर्ण

कोरबा। शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा को रोचक बनाने और छात्रों को सीखने में संलग्न करने का एक शानदार तरीका है। जब वे किताबें पढ़ने के बजाय वास्तविक जीवन में चीज़ें देखते हैं, तो वे चीज़ों को बेहतर ढंग से समझते हैं और उन्हें लंबे समय तक याद रखते हैं। व्यावहारिक शिक्षा छात्रों को अधिक सीखने के लिए प्रेरित करती है और जिज्ञासा पैदा करती है। वे मज़ेदार तरीके से सीखते हैं। उपरोक्त सभी तथ्यों के मध्य नजर indus पब्लिक स्कूल दीपिका के विद्यार्थियों को बिलासपुर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम प्लैनेटेरियम शैक्षणिक प्रमाण हेतु ले जाया गया। इस एजुकेशनल ट्रिप पर कक्षा छठवीं से नवमी के विद्यार्थी साथ से। साथ में विद्यालय के शिक्षक हिंदी विभागाध्यक्ष श्री हेमलाल श्रीवास, श्री देबासीस परीदा,सुश्री तान्या ज्योत्सना, पहेली साहू,स्मृति रेखा साहू थे। पूरे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों ने बहुत एंजॉय किया। विद्यार्थियों को एपीजे अब्दुल कलाम प्लैनेटोरियम का विजित करवाया गया। जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के तारों एवं ग्रहों की गहराई से जानकारी प्राप्त की। प्लैनेटेरियम में विद्यार्थी करीब से सभी ग्रहों और तारों को देखकर व महसूस कर बहुत ही रोमांचित होते हैं।



प्लैनेटेरियम में जहां एक ओर विद्यार्थियों को ग्रह एवं तारों से जुड़ी जानकारी मिली वही पूरी यात्रा के दौरान साथ रहे शिक्षक श्री देवाशीष परीदा एवं सुश्री तान्या ज्योत्सना ने और भी विस्तृत जानकारी देकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धक किया। प्लैनेटोरियम में विद्यार्थियों के लिए लंच की व्यवस्था की गई थी। पूरी यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने भरपूर मस्ती की। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों के अंदर बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास होता है। वर्तमान समय में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ- साथ प्रायोगिक ज्ञान की भी आवश्यकता है। एक सुव्यवस्थित शिक्षण यात्रा शिक्षार्थियों को स्वतंत्र रूप से नेविगेट करने और ज्ञान को अवशोषित करने में सक्षम बनाती है, जिससे सीखना अधिक व्यक्तिगत और आकर्षक अनुभव बन जाता है इसका उद्देश्य छात्रों को कक्षा के दायरे से परे प्रत्यक्ष अनुभव और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। शैक्षिक यात्रा , भ्रमण, साइट विज़िट और व्यावहारिक शिक्षण अवसरों का एक सावधानीपूर्वक नियोजित संयोजन है, जो स्पष्ट शिक्षण उद्देश्यों के इर्द-गिर्द निर्मित है। एक शैक्षिक यात्रा एक छुट्टी से कहीं अधिक है। यह सीखने और सफलता के लिए एक साधन है जिसमें मज़ा और उत्साह अंतर्निहित है।

# सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति

कोरबा। सिंचाई विभाग में मानचित्रकार से सहायक अभियंता सिविल के पद पर पदोन्नति दी गई है। हसदेव बांगो परियोजना के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में पदस्थ मानचित्रकार नारायण प्रसाद यादव को सहायक अभियंता सिविल के पद पर पदोन्नति किया गया है। पदोन्नति नहीं होने पर हाईकोर्ट बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी।

# ट्रस्ट बनाकर संचालन करने से मंदिर को मिलेगी विशेष पहचान,इस पर हो काम : साहू

कोरबा । कोरबा जिला के प्रसिद्ध धार्मिक व दार्शनिक स्थल माँ मड़वारानी मंदिर पहाड़ के ऊपर और नीचे मे है। इस मंदिर को ट्रस्ट मे देने के लिए भाजपा नेता झाम लाल साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सन 2009 से शासन -प्रशासन से लगातार पत्र व्यवहार कर रहे है। पूर्व जनपद सदस्य व जिला उपाध्यक्ष भाजपा पिवमो झाम लाल साहू ने 25 नवम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला कलेक्टर को मंदिर को ट्रस्ट मे देने के लिए फिर ज्ञापन दिए है। और साथ मे आस पास के 10से 15 ग्राम पंचायत के सरपंच का प्रस्ताव दिए है। साहू ने अपने पत्र मे उल्लेख किया है। कि ग्राम पंचायत पुरैना जनपद पंचायत करतला, जिला कोरबा के अंतर्गत आने वाले धार्मिक क्षेत्र मडवारानी है। जहाँ पहाड़ ऊपर एवं नीचे मे माँ मडवारानी मंदिर है। और धार्मिक, दार्शनिक स्थल के रूप मे प्रसिद्ध है। यहां दिनों दिन भक्तो कि संख्या बढ़ती जा रही है। दान दाताओ द्वारा दान मे दिए जाने वाले पैसो का सदुपयोग एवं माँ मडवारानी मंदिर के विकास के लिए ट्रस्ट को दिया जाना चाहिए। पहाड़ ऊपर माँ मडवारानी कि मंदिर है। जो नीचे से लगभग 5 किलो मीटर पड़ता है। तथा यहां कभी कभी शराबी एवं असामाजिक तत्व के लोग भी पहुंच जाते हैँ जो अनैतिक कार्य करते है। इन सब पर अंकुश लगाने के लिए लिए व श्रद्धांलुओं की सुरक्षा कि दृष्टि से ट्रस्ट को दिया जाना उचित है। ताकि मड़वारानी मंदिर कि उचित देख - रेख हो सके इस तरह से भाजपा नेता झाम लाल साहू व क्षेत्र के 15-20 ग्राम पंचायत के सरपंचो ने धार्मिक स्थल मड़वारानी के पहाड़ ऊपर एवं नीचे के माँ मडवारानी मंदिर को ट्रस्ट मे देने के लिए कलेक्टर और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को लिखित ज्ञापन दिए है।

# एसईसीएल ने 40 वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किए,अवार्ड बांटे





कोरबा। एसईसीएल मुख्यालय में दिनांक 25.11.2024 को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, निदेशक मंडल, सीवीओ, संचालन समिति, कल्याण बोर्ड, सुरक्षा समिति, सिस्टा, कौंसिल एवं ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए अधिकारी-कर्मचारीगण, विभिन्न विभागाध्यक्षों व स्थानीय अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में एसईसीएल का 40वाँ स्थापना दिवस सोल्लास मनाया गया। अपने सम्बोधन में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि एसईसीएल के पास साधन भी है, संसाधन भी है और कार्यसंस्कृति भी है जो इसे उत्कृष्टता के शिखर पर ले जा सकते हैं। एसईसीएल ने कोयला उत्पादन में पिछले 2 वर्षों में लगभग 45 मिलियन टन की ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी दर्ज की है जोकि आप सभी के कठिन परिश्रम का ही फल है। एक समय था जब 6 लाख क्यूबिक मीटर ओबीआर निकालना बहुत मुश्किल लगता था लेकिन आज हम प्रतिदिन 13 लाख क्यूबिक मीटर ओबीआर निकाल रहे हैं जोकि हमारे श्रमवीरों की मेहनत और लगन का प्रमाण है।

देवदत्त पटनायक द्वारा दिया गया प्रेरक उद्बोधन

40वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य आकर्षण के रूप में सुप्रसिद्ध, लेखक एवं कॉर्पोरेट स्पीकर श्री देवदत्त पटनायक द्वारा एक प्रेरक उद्बोधन दिया गया जिसमें उन्होंने जीवन में भारतीय शास्त्रों एवं वेदों के महत्व पर प्रकाश डाला।40वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर एसईसीएल के नए लोगो का अनावरण भी किया गया। साथ ही राष्ट्र की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने में एसईसीएल के योगदान पर केंद्रित एक विशेष फ़िल्म का प्रदर्शन भी किया गया।इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संचालन क्षेत्रों, विभगाध्यक्षों, अधिकारियों एवं खनिक श्रमवीरों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में भूतपूर्व सीएमडी एवं निदेशकगणों के साथ एक संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने राष्ट्र को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने में एसईसीएल की भूमिका पर मंथन किया।

# जोगीपाली गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उसके दो नवजात की मौत, आक्सीजन की कमी का आरोप

**स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही आयी सामने**

कोरबा । जिले के करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोगीपाली में स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आयी हैं। बताया जा रहा हैं की जिसके कारण एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिला और उसके दो नवजात जुड़वा बच्चों की जान चली गयी।

परिजनों का आरोप है कि शासकीय रोगी-वाहन (एंबुलेंस) में ऑक्सीजन नहीं था, जिसके कारण यह घटना घटी। इस घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है। मृतिका के पति बिहारी लाल राठिया ने बताया कि अचानक दर्द बढ़ने पर घर पर ही प्रसव हुआ और दो बच्चों को स्वस्थ जन्म देने के बाद उसे करतला स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां इलाज शुरू किया गया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रास्ते में वह बातचीत करते हुए आ रही थी, अचानक ऑक्सीजन की कमी होने के चलते उसकी दिक्कतें बढ़ गई। रोगी-वाहन (एंबुलेंस) में ऑक्सीजन नहीं होने के कारण दोनों बच्चों और मां की मौत हो गई।

इस मामले में जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज मेमो के आधार पर मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

**स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी पर सवाल**

उक्त घटित घटना ने स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली और संसाधनों की कमी कई बार जानलेवा साबित हो रही है। रोगी-वाहन (एंबुलेंस) सेवा में इस तरह की लापरवाही न केवल मानव जीवन के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की खामियों को भी उजागर करती है।

# आयुष सेवाओं का लोगों को बेहतर लाभ मिलेगा

**कोरबा।** आने वाले समय में आयुष सेवाओं का लोगों को बेहतर लाभ मिलेगा। शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक के बेहतर संचालन के लिए 10 बेड का आईपीडी बनाएंगे। साथ ही रोगी विभाग में पंचकर्म संचालन के लिए दो स्टॉफ नर्स, एक फार्मासिस्ट, एक किचन सर्वेंट, एक अंशकालीन स्वच्छक की भर्ती की जाएगी।

# 50 प्रतिशत स्थान पर स्थानीय बेरोजगारों को अवसर देने प्रशासन से हुई मांग

कोरबा ।कोरबा जिले में स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने एसईसीएल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस नेता मधुसूदन दास और एनएसयूआई जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने कुसमुंडा, गेवरा और दीपका एसईसीएल सीजीएम को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में आरोप लगाते हुए मांग की गई हैं कि एसईसीएल द्वारा संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों में आसपास के 25 किलोमीटर के दायरे के स्थानीय बेरोजगारों को 50त्न आरक्षण दिया जाए और खुली भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें रोजगार प्रदान किया जाए। इसके साथ ही, सिविल ठेका कार्यों और डीओ में 25त्न कार्य स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षित करने मांग की गई है।

युवा कांग्रेस नेता मधुसूदन दास ने कहा कि कुसमुंडा, गेवरा, दीपका खदान के द्वारा प्रतिवर्ष सैकडों लोगों की भर्ती ली जाती है। वे या तो बाहरी होते है या फिर भू-विस्थापित, इसके अलावा एक तबका और होता है वो है स्थानीय युवा बेरोजगारों का, इनको भी अपना हक मिलना चाहिए।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में बच्चे पढ़ लिखकर आते हैं। फिर केवल और केवल उपेक्षा का शिकार होते हैं, क्योंकि खदान में इनको रिज्यूम तक जमा करने का मौका नहीं दिया जाता है। युवाओं को नौकरी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनएसयूआई आदिल खान, मनजीत सिंह ठाकुर, बिट्टू राव, संदीप कुमार, आशीष मित्तल, लक्की, यशु दास सहित अनेक युवा कांग्रेस एनएसयूआई के साथी उपस्थित थे।

# नगर पंचायत छुरीकला में सदस्यों ने सब इंजीनियर को हटाने की मांग

कोरबा। नगर पंचायत छुरीकला मे पदस्थ सब इंजीनियर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शकुंतला गोड़ सहित पार्षद लता देवांगन, नीरा देवी चेलकर, राकेश प्रताप सिंह, हीरानंद पंजवानी, रामशरण साहु, हीरालाल यादव, मनोज विश्वास, शेषबन गोस्वामी, देवेन्द्र देवांगन द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम 4 नवंबर को ज्ञापन सौप कर सब इंजीनियर को निलंबित या स्थानांतरित करने की मांग के साथ ही पीआईसी बैठक कराने मांग की। परंतु अब तक उक्त आवेदन पर अमल नहीं किये जाने से अध्यक्ष सहित पार्षदों में शासन-प्रशासन के प्रति रोष बढने लगा है।

आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं कि नगर पंचायत छुरीकला मे पदस्थ सब इंजीनियर की कार्यशैली तथा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता एवं पार्षदों की बातों को अनसुना किये जाने से अध्यक्ष पार्षद आक्रोशित हैं। वार्डों में विकास कार्य ठप्प पड़ गया है। इस सबंध अध्यक्ष एंव पार्षदों का कहना है- सब इंजीनियर जब से यहां पदस्थ हुई हैं नगर के वार्ड में विकास कार्य थम गया है। वह आये दिन कोई न कोई बहाने कार्यालय से नदारत रहती हैं, जिससे पार्षदगण अपनी राशि का वार्ड के कार्य में उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

आरोप हैं कि वार्ड क्रमांक 13 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत, रंग रोगन हेतु पार्षद द्वारा 2 लाख पार्षद निधि राशि से कार्य के लिए वार्ड पार्षद द्वारा अनुशंसा की गई थी, परंतु सब इंजीनियर द्वारा पार्षद के अनुशंसा पत्र को नजर अंदाज किया गया। इसी प्रकार पठारी भाठा में संचालित आंगनबाड़ी मरम्मत के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पत्र दिया गया था, परंतु ध्यान नहीं दिया गया और पार्षदों द्वारा दिये गयें अनुशंसा पत्रों पर ध्यान न दे कर अपने मन मुताबिक अन्य आंगनबाड़ी केंद्रो की रंग-रोगन कर लगभग 1 लाख 50 हजार आहरण कर लिया गया। इसके अलावा नगर मे सब इंजीनियर द्वारा किये गये निर्माण कार्य में भारी अनियमितता एवं लापरवाही बरती गयी, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही कर स्थांतरण की मांग अध्यक्ष पार्षदों द्वारा मुख्य अधिकारी के नाम 4 नवंबर को एक ज्ञापन दिया गया, तथा पीआईसी की तत्काल बैठक बुलाने मांग की गई थी, परंतु अब तक पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा पार्षदों के आवेदन पत्र पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे अध्यक्ष पार्षदों में शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।

इस सबंध में पार्षद हीरालाल यादव ने बताया पंचायत में पदस्थ उप अभियंता की हठधर्मिता से नगर का विकास पूरी तरह थम गया है। पार्षद मद की राशि को पार्षदों की अनुशंसा पर भी कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे अध्यक्ष, पार्षद उप अभियंता के प्रति आक्रोश व्याप्त है और उसको तत्काल हटाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

# नवनीत, विशाल व आत्माराम बनाये गए शाला प्रबंधन समिति के विधायक प्रतिनिधि

कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर नवनीत शुक्ला, विशाल सचदेव व आत्माराम गंधर्व को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया गया है। कोरबा जिला कलेक्टर के द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया हैं, जिसमें नवनीत शुक्ला को शासकीय हाई स्कूल जे.पी. कॉलोनी, विशाल सचदेव को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ट्राईबल) तथा आत्माराम गंधर्व को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सीतामढ़ी की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। सभी मनोनीत प्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार व्यक्त करते हुए इस नव दायित्व का निर्वहन सम्पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ करने की बात कही है।

## स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन,बड़ी संख्या में छात्रों ने निभाई हिस्सेदारी,बच्चों में देखा गया उत्साह

कोरबा। बच्चों के भीतर छिपी विज्ञान संबंधी प्रतिभा को निखारने की मंशा से कोरबा के न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से 12वीं तक के सभी बच्चों ने प्रदर्शनी भी अपनी भूमिका निभाई। इतना ही नहीं स्कूल में फूड फेस्टीवल के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसे लेकर स्कूली छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। कोरबा के डिंगापुर क्षेत्र में संचालित न्यु ऐरा प्रोगेसिव स्कूल में विज्ञान प्रदर्शन का आयोजन किया गया। बच्चो के भीतर मौजूद विज्ञान संबंधी कला का प्रदर्शन करने की मंशा से यह आयोजन किया गया था,जहां बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही यहां फूड फेस्टिवल और खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस आयोजन में कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के सभी क्षेत्रों में अपनी हिस्सेदारी निभाई। विज्ञान प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने कृषि और प्राकृतिक संरक्षण से जुड़े एक से एक मॉडल का प्रदर्शन किया जिसकी मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर प्रशंशा की।

## केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया

कोरबा। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में वार्षिक खेलकूद दिवस सोमवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. फरहाना अली, प्राचार्य गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने योग नृत्य व आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य मीनाक्षी शर्मा ने छात्रों की खेल के क्षेत्र में दिए गए योगदान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लेने छात्रों को आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। यह भी कहा कि खेल-कूद द्वारा ही तन-मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। खेल शिक्षक साहिल चौधरी ने छात्रों का खेल में महत्त्व पूर्ण प्रदर्शन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# नियमों का उल्लंघन करने वाले डिपो संचालकों पर अफसर मेहरबान

**जांजगीर-चांपा।** बिना एनओसी के जांजगीर चांपा में कोयले का भंडारण करने वालों पर खनिज अफसर मेहरबान हैं। कोल माफिया नियम विरूद्ध तस्करी कर शासन को लाखों का चुना लगाने लगे हुए हैं लेकिन इन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होती। बात करें चाहे चांपा के इर्द गिर्द - कोल डिपो की हो या फिर जांजगीर के नैला कोल साइडिंग की। रिहायशी इलाके में स्थित ऐसे कोल डिपों शहरवासियों के लिए गले की फांस बनी हुई है। क्योंकि कोल डिपो की धूल लोगों को परेशान कर रखा है। जांजगीर व चांपा क्षेत्र में कोयला भंडार की आड़ में नियमों का उल्लघंन कर बिना एनओसी के बाहरी में कोयले का अनुमति से अधिक भंडारण कर नियम विरूद्ध कोयले की तस्करी कर शासन को राजस्व की क्षति पहुंचा कोयले का काला कारोबारी मालामाल हो रहे हैं। इधर

जांजगीर व चांपा इलाके में कोयला भंडारित कर व्यापार करने वाले व्यापारियों के पास कोयला कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है इसकी जानकारी संधारित नहीं की जा रही है। संधारित हो भी कैसे जब एक नबर का कोयला आएगा तब तो सभी रिकार्ड मेंटेन रहेगें। लेकिन यहां दो नंबर का कोयला पहुंच रहा है। जिसके चलते इन व्यापारियों द्वारा किसी भी प्रकार का रिकार्ड संचारित नहीं किया जा रहा है।

उनके परिवहन वाहन सड़कों पर बेतरतीत ढंग से धूल डस्ट उड़ा रही हैं। राहगीर का चलना मुश्किल हो गया है। धूल डस्ट स्लैग चूरा, जीरा गिट्टी कुछ चूरा कोयला की मिक्सिंग कर प्लांटों में सप्लाई कोई नई बात नहीं है। जिले में खनिज विभाग द्वारा दर्जनों कोयला भंडारण की अनुमति प्रदान। की है जो कोयले के व्यापार में संलिप्त हैं। लेकिन इनमें से कई व्यापारियों द्वारा भंडारण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। खनिज विभाग नियमों को दरकिनार कर व्यापार करने वालों पर लगाम नहीं कस पा रहा है। इस संबंध में जिले में खनिज विभाग से अनुमति प्राप्त करके कोयले का व्यापार करने वाले सभी व्यापारियों को अपना मासिक पत्रक खनिज विभाग में जमा करना होता है लेकिन एक-दो व्यापारियों को छोड़ दिया जाय तो किसी के भी द्वारा मासिक पत्रक जमा

**अनुमति से ज्यादा किया जाता है भंडारण**

सूत्रों की माने ती जांजगीर चांपा में संचालित कोयला भंडारकों के यहां अनुमति से ज्यादा कोयले का भंडारण किया जा रहा है। इस बात की पुष्टी खनिज निरीक्षक के भ्रमण से हो चुकी है। खनिज अधिकारी द्वारा चांपा क्षेत्र के भंडारण में निरीक्षण किया गया था यहां क्षमता से ज्यादा कोयले का भंडारण किया गया था। बावजूद इसके कार्रवाई करने से परहेज क्यों किया जा रहा है।

**नहीं किया जाता। जबकि इन** व्यापारियों द्वारा काफी लम्बे समय से कोयले का व्यापार किया जा रहा है। मौजूदा समय में किस कोयला भंडारण में कितना कोयला भंडारित किया गया है इस संबंध में किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। जिससे यह साबित हो रहा है खनिज विभाग की सह से बाहरी अंचल में यह काला कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। सूत्रों की माने तो हर महीने कोयले की काली कमाई अधिकारियों के टैबल में पहुंच जाती है। जिसके चलते यहां खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। हालाकि खनिज विभाग का दावा है कि बाहरी क्षेत्र में जितने भी कोयला भंडारण के लायसेंसधारी है। वो सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। शिकायत मिलने पर जांच भी की जाती है और नियमानुसार कार्रवाई भी होती है।

जांजगीर चांपा में कोयला का व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा सिर्फ खनिज विभाग से भंडारण की अनुमति लेकर मुक्त हो गए है लेकिन इनके द्वारा न तो पर्यावरण की एनओसी ली गई है और न ही अन्य विभागों से एनओसी प्राप्त की गई है। बावजूद इसके पूरा कोयला यूपी के इंट खदानों में भेज दिया जाता है। यूपी में ईंटा भट्टा ज्यादा होने के कारण कोयले की मांग ज्यादा रहती है जिसके कारण बहरी पहुंचने वाले कोयले में मिलावट करने के बाद पूरा कोयला उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भेज दिया जाता है।


## तेज आवाज में डीजे बजाने वाले संचालक पर दर्ज किया मामला, मशीन जब्त की

**जांजगीर।** सीमा से ज्यादा तेज आवाज में डीजे साउंड बजाने वाले संचालक के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते उसके सिस्टम को जब्त कर लिया गया है। सारागांव पुलिस के अनुसार जब्त डीजे साउंड सिस्टम को वाहन क्रमांक सीजी -11-एआर-6522 में रखकर बजा रहा था। डीजे बजाने के साथ वाहन को भी लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, जो नियमों के विपरीत था। डीजे में ध्वनि नापने यंत्र नहीं लगा हुआ था, जो प्रत्येक डीजे संचालक के लिए जरूरी है। इन कारणों से उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार डीजे को जब्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि डीजे संचालक का पुराना आपराधिक इतिहास भी चेक किया जा रहा है। पहले भी कोलाहल अधिनियम में अपराध करता पाया जाता है, उसका डीजे राजसात करने के लिए पत्र लिखा जाएगा।

## राधा-कृष्ण की पालकी निकाली गई नगर यात्रा

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के भगत चौक पुरानी बस्ती में आयोजित अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ समापन के बाद 24 नवम्बर को यज्ञ स्थल से देवी दाई मंदिर तक भव्य नगर यात्रा निकाली गयी। जहां श्रीकृष्ण राधा को पालकी में ऊठा नगर भ्रमण कराया गया। यह बताना लाजमि होगा श्रीकृष्णा-राधा जी को पालकी में ऊठा नगर भ्रमण पश्चात पूरे मोहल्ले भर के घर- घर ले जाया गया। जहां महिलाओं अपने स्परिवार के साथ भगवान की विधी- विधान से पूजा-अर्चना किये।

भगवान श्रीराधा कृष्ण का नगर यात्रा को देखने बस्ती सहित पूरे शहरवासी टूट पड़े। आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं पुजारीगण भगवान श्रीराधा-कृष्ण की पालकी को कंधे ऊठाकर चल रहे थे। वहीं बाहर से आये किर्तन मण्डली भगवान श्रीराधा-कृष्ण के आगे-आगे अपने वेषभूषा एवं झांकियों के साथ राम नाम का जाप करते नजर



आये। जैसे-जैसे भगवान श्रीराधा-कृष्ण पालकी घर-घर पहुंचने पर महिलाएं अपने घरों के सामने रंगोलियों एवं आरती व फूलों के साथ स्वागत किये।

अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ के सातवे दिवस क्षेत्र के जनप्रतिनिधी यज्ञ स्थल पहुंच भगवान श्रीराधा-कृष्ण के चरणों में मत्था टेक, लोगों के बीच बैठ श्रीराम नाम का रसपान किये। जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती भगत चौक वार्ड क्र. 11 में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन लगातार 62 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 साल पुराने विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में 63 वें वर्ष में राम नाम सप्ताह यज्ञ आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। राम नाम सप्ताह यज्ञ के सातवे दिवस जांजगीर-चांपा विधायक ब्यासं कश्यप, भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय, वहीं छठवे दिवस नगर पालिका के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, पूर्व पार्षद अजीत गढ़वाल, अनिल शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने श्रीराधा-कृष्ण के चरणों में पूजा-अर्चना कर श्रीराम नाम जाप का रसपान किये। अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ में जिले सहित अन्य जिले से कीर्तन मण्डली बड़ी संख्या में पहुंची। यज्ञ के सातवे दिवस कीर्तन मण्डली कुरी, कीर्तन मण्डली टुण्ड्रा द्वारा मनमोहक श्रीकृष्ण राधा, हनुमान, श्रीराम-सीता झांकी के साथ राम नायक के गायन प्रस्तुत किये। 25 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोज के साथ अखण्ड नाम सप्ताह यज्ञ का समापन हुआ।

## कचरा डपिंग बना दिया शांतिनगर को, लोग परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में साफ सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद कचरे का निपटारा नहीं हो पा रहा है। यहां शहर के कचरों को इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन इन कचरों को कहां पर रखा जाए इसके लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है।

गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष जोर दिया जाना है। साथ ही साथ घरों से निकलने वाले कचरे को एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित किया जाना है, इसके लिए पालिका प्रशासन की ओर से हर महीने लाखों रुपए खर्च तो कर दिए जा रहे हैं, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है।

वहीं पालिका द्वारा मिशन क्लीन सिटी के लिए कचरा प्रोसेसिंग प्लांट (एसएलआरएम) सेंटर तो बना दिया गया है लेकिन इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। लाइवलीहुड कॉलेज मार्ग में बनाया गया लाखों का एसएलआरएम सेंटर खंडहर की तरह पड़ा हुआ है। घरों से निकलने वाला कचरा प्लांट तक जा ही नहीं रहा है। ऐसे में शहर से निकलने वाले कचरा शांति नगर स्थित खाली मैदान में डंप किया जा रहा है। यहां इतनी ज्यादा मात्रा में कचरा डंप हो रहा है कि बगल में बना एसएलआरएम सेंटर ही कचरे के बीच में बना हुआ प्रतीक हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान श्रम कार्यालय के बगल में जो सरकारी जमीन है, उस जगह से काफी मात्रा में कचरा को हटा लिया गया था।

साथ ही साथ वहां से कचरा हटाकर उसे एक सुव्यवस्थित मैदान के रूप में तब्दील कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद स्थिति फिर जो कि त्यों बन रही है। शहर से निकलने वाले कचरे को श्रम विभाग कार्यालय के पीछे जाकर फेंक दिया जा रहा है, जिसके कारण संक्रमण फैलने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। जबकि घरों से निकलने वाले सुख एवं गीले कचरे को अलग-अलग डिब्बों के माध्यम से उसे सुव्यवस्थित किया जाना है।

ताकि सूखे कचरे का उपयोग जहां खाद के रूप में वही गीले कचरे का उपयोग रिसाइकल कर और आगे काम के लायक जा सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि जिला मुख्यालय में ही 4 कचरा कलेक्शन सेंटर बनाया जाना है, लेकिन इनमें से अब तक दो का ही निर्माण कार्य पूरा हो पाया। शांति नगर के लोगों का कहना है कि वार्ड-25 में खाली पड़े मैदान को कचरा डंपिंग यार्ड बना दिया गया है। शहर का कचरा हो या फिर मरे हुए जानवर, सब यहीं फेंके जा रहे हैं। जब कचरा बढ़ता है तो नगर पालिक के कर्मचारी उसमें आग लगा देते हैं। जिसके चलते बदबू और धुएं से लोग परेशान हैं। पालिका हर महीने सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च करती है, बावजूद इसके शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था जस की तस बनी हुई है।

## जय भारत स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन



**जांजगीर।** जांजगीर में 23 नवंबर को विज्ञान कला हिन्दी, संस्कृत, गणित विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं जनसेवक रवि पांण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर के को गई। अतिथि स्वागत के उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा बनाएं गये विभिन्न विज्ञान एवं करता के प्रोजेक्टों की प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि ने निरीक्षण किया। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी, संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी, प्रबंधक समिति के सदस्य श्रीमती गंगा गट्टानी, श्रीमती सुनिता गट्टानी, श्रीमती हर्षिनी गट्टानी व विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर, धंजल व उपप्राचार्य मनोज कुमार पंडा व विभिन्न स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। गुरूकुल इंटरनेशल स्कूल बनारी जांजगीर, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, डेस्टिनेशन स्कूल जांजगीर, लोटस पब्लिक स्कूल जांजगीर व जय भारत स्कूल बलौदा के शिक्षक-शिक्षिकाएं जज के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा बनाए गए समस्त प्रारूप का निरीक्षण किया व प्रतिभा को सराहा। कला व क्राफ्ट में भी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वेस्ट सामान से बने अनेक प्रोजेक्टों ने अभिभावको को अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी ने प्रदर्शनी की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धंजल ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा व हुनर की प्रशंसा कर प्रदर्शनी के महत्व को बताया। जजेस टीम ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर फैसला सुरक्षित रखा।

## नौकरी लगाने के नाम पर 16 लाख की ठगी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी लगाने के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी यशवंत, बंजारे निवासी पचरी थाना शिवरीनारायण ने 10 फरवरी 2023 को थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी गोपाल ज़ कृष्ण कश्यप निवासी गंगाजल थाना नवागढ़ द्वारा उसके मामा आरोपी धरम वर्मा जो मुम्बई में निवासरत है और उसका जगदलपुर के एनएमडीसी के ज्वाईनिंग डायरेक्टर से अच्छा खासा जान पहचान है कहकर बतायां था। जिस कारण से प्रार्थी व उसका भाई जशवंत बंजारे एवं उसके चाचा का लड़का भाई राजकमल के एनएमडीसी स्टील प्लांट जगदलपुर में नौकरी के लिए तीनों से कुल 20 बीस लाख रुपए की मांग किए। आरोपी गोपाल कृष्ण कश्यप के बातों में आकर अलग किस्तों में नगदी एवं फोन पे के माध्यम से 16 लाख 15 हजार रुपए दिए थे। आरोपी 8 जनवरी 2023 को गुजरात में इटरब्यू है कहकर बुलाया, किन्तु इंटरव्यू नहीं हुआ। पूछने पर बाद में इंटरव्यू होगा कहकर वापस भेजा दिया था। नौकरी नहीं लगने से पैसा वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा आनाकानी कर रहे थे। आखिरकार - मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 420, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी गोपाल कृष्ण कश्यप को 11 फवरी 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के मुख्य आरोपी धरम वर्मा रिपोर्ट होने के बाद से लगातार फरार था। जिसे 22 नवंबर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## नौकरी लगाने के नाम पर 16 लाख की ठगी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी लगाने के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी यशवंत, बंजारे निवासी पचरी थाना शिवरीनारायण ने 10 फरवरी 2023 को थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी गोपाल ज़ कृष्ण कश्यप निवासी गंगाजल थाना नवागढ़ द्वारा उसके मामा आरोपी धरम वर्मा जो मुम्बई में निवासरत है और उसका जगदलपुर के एनएमडीसी के ज्वाईनिंग डायरेक्टरसे अच्छा खासा जान पहचान है कहकर बतायां था। जिस कारण से प्रार्थी व उसका भाई जशवंत बंजारे एवं उसके चाचा का लड़का भाई राजकमल के एनएमडीसी स्टील प्लांट जगदलपुर में नौकरी के लिए तीनों से कुल 20 बीस लाख रुपए की मांग किए। आरोपी गोपाल कृष्ण कश्यप के बातों में आकर अलग किस्तों में नगदी एवं फोन पे के माध्यम से 16 लाख 15 हजार रुपए दिए थे। आरोपी 8 जनवरी 2023 को गुजरात में इटरब्यू है कहकर बुलाया, किन्तु इंटरव्यू नहीं हुआ। पूछने पर बाद में इंटरव्यू होगा कहकर वापस भेजा दिया था। नौकरी नहीं लगने से पैसा वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा आनाकानी कर रहे थे। आखिरकार - मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 420, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी गोपाल कृष्ण कश्यप को 11 फवरी 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के मुख्य आरोपी धरम वर्मा रिपोर्ट होने के बाद से लगातार फरार था। जिसे 22 नवंबर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## मिसदा धान मंडी में 274 क्विंटल से धान खरीदी की शुरुआत की गई

**जांजगीर।** मिसदा मंडी के अध्यक्ष योगेश शुक्ला और मिसदा मंडी के प्रभारी रामेश्वर यादव के हाथों से समिति में धान खरीदी की शुरुआत हुई। पहले दिन 274 क्विंटल धान खरीदी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और मंडी समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर दिलीप दिवाकर, विष्णु कुमार साहू, छबि साहू, लोकेश शुक्ला, मोहन लाल देवांगन पचरी सरपंच, राजेंद्र कुमार खूंटे, केशला सरपंच कृपाराम पटेल मौजूद रहे।

## धान मंडी राहौद में धान खरीदी की हुई शुरुआत, सबसे पहले मयाराम ने बेचा

**राहौद।** धान मंडी राहौद में धान खरीदी की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलाब सिंह चंदेल, विशिष्ट अतिथि अंबेश जांगड़े, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शैल देवी कश्यप, पूर्व अध्यक्ष संतोष गुप्ता, धनंजय सिंह ठाकुर, यशवंत साहू, मंडल अध्यक्ष व्यास वर्मा, मिथलेश साहू, रामप्रसाद कुर्मी, समय लाल, साहू जागृति महिला अध्यक्ष लौंग लता कश्यप ने धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर किसानों का स्वागत किया। इलेक्ट्रॉनिक धान, तौल-कांटा की पूजा करके धान खरीदी का शुभारंभ किया गया।

## मनमाने तरीके से जगह जगह पर हो रहा है रेत की उत्खनन

**जांजगीर।** जिले में अवैध रेत घाटों की भरमार है। आप जहां से चाहे वहां से खुलेआम चेन माउंटेन मशीन लगाकर रेत निकाल लो, यहां पूछने वाला कोई नहीं है। बताया जा रहा है कि जिला खनिज अधिकारी व उनके मातहत कर्मचारी इन दिनों छुट्टी में है। इसके चलते इनकी मॉनिटरिंग करने वाला कोई नहीं है। ऐसे में रेत माफियाओं की बाढ़ सी आ गई है। हसदेव नदी व महानदी में खुलेआम रेत की खुदाई की जा रही है। हद तो तब हो जाती है जब नेशनल हाइवे पीथमपुर के पास में ही अवैध रेत घाट खुलेआम संचालित हो रही है। यहां नदी का जल स्तर कम होने के बाद खुलेआम चेन माउंटेन मशीन से रेत की खुदाई की जा रही है। मौके पर दर्जनों ट्रैक्टरों की लाइन लगी हुई है। इनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। रेत के अवैध कारोबार में खनिज अधिकारियों के बल्ले बल्ले है। कहने को तो मात्र आधा दर्जन रेत घाटों को विधिवत परमिशन है लेकिन यहां दो दर्जन से अधिक अवैध रेत घाट संचालित हो रहा है। रेत माफियाओं का खनिज अधिकारियों ने चोली दामन का साथ है। यही वजह है कि इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। आपको बता दें कि चार दिन पहले जांजगीर-चांपा जिला व सक्ती जिले में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का दौरा था। इसी दौरान उनका काफिला पीथमपुर रेत घाट से भी गुज्ज था। इसी दौरान जिले के लोगों ने उनसे अवैध रेत घाट संचालित होने की शिकायत की थी। उन्होंने जिले के अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करने के निर्देष भी दिए थे। लेकिन उनके जाते ही रेत घाट फिर से आबाद हो गया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती गंगा साहू उम्र लगभग 39 वर्ष, पति-राकेश कुमार साहू निवासी खप्परा भट्ठा घंटा घर के पीछे तहसील व जिला कोरबा छग निम्नानुसार कथन करती हूं कि मेरा आधार न. 2447 7023 8384 है। मेरी पुत्री प्रीति के जन्म दिनांक 10/11/2011 का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा जारी किया गया है जिसका पुस्तिका कमांक-0380 अनुक्रमांक-18 पंजीकरण संख्या 5971 पंजीकरण दिनांक 31/12/2012 है। मेरे पुत्र की हर्ष के जन्म दिनांक 08/06/2014 को जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम के द्वारा पारित किया गया था जिसका पुस्तिका कमांक -0380 अनुक्रमांक - 08 पंजीकरण संख्या 3137 पंजीकरण दिनांक 08/06/2014 है। मेरी पुत्री प्रीति के जन्म प्रमाण पत्र में सरनेम साहू त्रुटिवश दर्ज नहीं हो पाया है मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे एवं पति के नाम पर सरनेम साहू अंकित है।मेरे पुत्र हर्ष के जन्म प्रमाण पत्र में सरनेम साहू त्रुटिवश दर्ज नही हो पाया है। मेरे पुत्र हर्ष के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे एवं पति के नाम पर सरनेम साहू अंकित है। मेरी पुत्री प्रीति के जन्म प्रमाण पत्र में सरनेम साहू अर्थात प्रीति साहू (PREETI SAHU) एवं मेरे पुत्र हर्ष के जन्म प्रमाण पत्र सरनेम साहू अर्थात हर्ष साहू (HARSH SAHU) सत्त्य एवं सही नाम दर्ज करवाना चाहती हूँ।

यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपरोक्त बातों के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित नगर निगम कोरवा कार्यालय / संस्था में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
गंगा साहू

## बायपास रोड का काम 8 साल बाद भी अधूरा

**शिवरीनारायण।** आठ साल पहले शुरू हुए बाइपास रोड का निर्माण अब तब पूरा नहीं हो सका है। शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव को कम करने केरा रोड ललारी पुल के पास से तुस्मा होते हुए शबरी मंदिर के पास खरौद तक बाइपास रोड बनाया जा रहा था। ताकि बड़ी गाड़ियां नगर में प्रवेश न कर शहर के बाहर बाइपास रोड से गुजर जाए। लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी बाइपास रोड का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

केरा रोड से खरौद तक बन रहे बाइपास रोड की कुल लंबाई 6.75 किलोमीटर व चौड़ाई 10 मीटर है। सड़क निर्माण का काम 2016 में शुरू हुआ था। चार किलोमीटर सड़क का निर्माण हो चुका है जबकि 2.75 किलोमीटर सड़क का निर्माण बाकी है। 2018 से सड़क निर्माण का काम पूरी तरह से बंद है। बाइपास रोड का निर्माण नहीं होने के कारण केरा बिर्रा की ओर से राहौद पामगढ़ की ओर व राहौद पामगढ़ से केरा बिर्रा की ओर जाने वाली भारी वाहनें शहर के बीचों बीच से चलती हैं।

ट्रैफिक का दबाव बढ़ने के कारण रोजाना हजारों की संख्या में भारी वाहन नगर के केरा रोड, पुल मोड़, मेन रोड, केरा चौक, बांबे मार्केट, नटराज चौक, शबरी चौक, बिलासपुर रोड से होकर गुजरती हैं। भारी वाहनों के चलने से धूल का गुबार उड़ता है। जिससे नगर वासियों को अनेक तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है। शिवरीनारायण नगर व्यापारिक केंद्र है। जहां रोजाना आसपास के गांव के बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने आते हैं। मेन रोड बांबे मार्केट स्थित दुकानों में दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहता है। साथ ही नगर में संचालित कॉलेज स्कूलों में आसपास के गांव के बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। मेन रोड में बड़ी संख्या में बड़ी वाहनों के चलने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही हादसे का खतरा भी बना रहता है। बाइपास रोड का निर्माण हो जाने से शहर के लोगों को बड़ी वाहनों के ट्रैफिक दबाव, जाम की परेशानी, हादसे की आशंका, धूल की परेशानी सहित अन्य परेशानियों से राहत मिलेगी।

केरा रोड से खरौद तक 6.75 किलोमीटर का बाईपास रोड बनाया जा रहा था।

## चैतन्य कालेज का निरीक्षण करने के साथ नैक की टीम ने बनायी रिपोर्ट

**पामगढ़।** चैतन्य विज्ञानं एवं कला महाविद्यालय पामगढ़ में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने 18 एवं 19 नवंबर को दो दिवस निरीक्षण किया। महाविद्यालय के संचालक तथा गवर्निंग बॉडी चेयरमैन वीरेंद्र तिवारी ने पामगढ़ क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास की दिशा में चैतन्य महाविद्यालय के इस प्रयास को मिल का पत्थर बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय विनोद कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि नैक के निरीक्षण के लिए नैक टीम के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. दामोदर मिश्र, पूर्व कुलपति विद्यासागर विश्वविद्यालय, मिदनापुर पश्चिम बंगाल, मेंबर कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. संदीप भट्टएसरदार पटेल विश्वविद्यालय, आनंद गुजरात तथा प्रोफेसर डॉ. विजू केरल की टीम ने दो दिवसीय निरीक्षण किया।

18 एवं 19 नवंबर को को हुए इस निरीक्षण के शुभारंभ में नैक टीम का स्वागत पामगढ़ के आंचलिक विशेषताओं के साथ परंपरागत गेड़ी नृत्य के साथ किया गया। प्रथम दिवस टीम के सदस्यों ने दिनभर कॉलेज में रहकर महाविद्यालय के समस्त विभागों की अद्यतन स्थिति

एवं आधारभूत संरचनाओं तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लिया।

महाविद्यालय के आईक्यूएसी आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ. विवेक के नेतृत्व में सभी विषयों के प्राध्यापकों ने अलग-अलग प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभाग के विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा नवाचार के प्रयास एमएसएमई में रजिस्टर्ड, चैतन्य सृजन को बेहद अनोखा बताते हुए इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक आशीर्वाद स्वरुप बताया तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रयास की विशेष रूप से सराहना की गई। महाविद्यालय में नैक टीम के निरीक्षण के समय पामगढ़ की विधायक शेष राज हरबंश, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ललित प्रकाश पटेरिया एवं विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉक्टर इंदु अनंत ने नैक पियर टीम के सदस्यों से सौजन्य भेंट की। महाविद्यालय के बेहतर प्रयासों का उल्लेख किया। दिन भर के व्यस्त कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक संध्या में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसे नैक टीम के सदस्यों ने अत्यधिक सराहा।

## भवन निर्माण में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची टीम

**पंतोरा।** प्राथमिक विद्यालय पंतोरा में बने अतिरिक्त भवन निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत किसान महेंद्र कुर्मी ने की। विभागीय अधिकारी ने सोमवार को पंतोरा में बने अतिरिक्त भवन के छत निर्माण को देखा। इसमें ढलाई होने के बाद भी छड़ बाहर नजर आ रहे हैं। बीम से दीवार की जोड़ाई सही नजर नहीं आ रही है। मौके पर ही अधिकारियों ने पंचनामा बनाया है। ग्रामीणों ने इंजीनियर जोगी को पंतोरा क्षेत्र से हटाने की मांग एसडीओ से की है। ग्रामीणों ने एसडीओ से बताया कि पानी के सिंटेक्स का कार्य 30 हजार रुपए में होता है। उसका 50 से 60 हजार में मूल्यांकन कराया गया है। निरीक्षण के समय एसडीओ केके खुराना, वसंत कोसले, बरेठ उप अभियंता एमएल भारती, उप अभियंता महेंद्र कुर्मी, रमेश वैष्णव, महेंद्र कुमार, मोहम्मद जब्बार व संजय यादव उपस्थित रहे।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No.15-06/S&P/EE-II/W/T-263/24/3424 Marwa, dtd. 22-11-24
NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-175/2024:-
Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Due Time of submission (Online) | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/EE-II/W/T-263/24 | [illegible] | Work contract for Deployment of 06 nos. Computer Typist for 300 days for O/o CE (Gen), 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 19.12.2024 15:30 Hrs | Rs.590/- (500 + GST @18%) | Rs. 14,750/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.
Superintending Engineer (CONTRACT) O/o the Addl. Chief Engineer (O&M) ABVTPS,CSPGCL, JANJGIR-CHAMPA
SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
S-42199/3

## 10 डिग्री सेल्सियस पर पारा, अगले 4 दिन ठंड से राहत नहीं

**जांजगीर।** शहर का तापमान दिनोदिन घटता जा रहा है। सोमवार को शहर का तापमान 10 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइट के अनुसार अगले चार दिन ठंड से राहत मिलने के आसार कम ही है। उसके बाद बादल छाने के आसार जिससे ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। सोमवार को अलसुबह तापमान कम होने से लोग गर्म कपड़े में मार्निंग वॉक पर निकलने को मजबूर हो गए। दोपहर में ठंड का अहसास होता रहा। ठंड की वजह से शहर की सड़क शाम को ही सूनी नजर आने लगी। जिनको बहुत जरूरत महसूस हुई वे ही घर के बाहर निकले। मौसम की वेबसाइट के अनुसार अगले चार दिन न्यूनतम तापमान 10 और 11 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। उसके बाद बादल छाने से तापमान बढ़ने के आसार हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक पहुंच सकता है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रह सकता है।

## अनमोल वचन......

**दुनिया उन्ही पर भरोसा करती है
जिन्हें खुद पर भरोसा होता है!**

## बिना उचित इलाज के डायबिटीज झेल रहे लोग

*यह अवश्य कहा जाएगा कि डायबिटीज जिस तेजी से फैली है, उसके अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं फैलाने के तकाजे को नजरअंदाज किया गया है। इसीलिए वास्तविक संख्या के लिहाज से आज कहीं ज्यादा लोग बिना उचित इलाज के यह रोग झेल रहे हैं। दुनिया में तकरीबन 82 करोड़ 80 लाख लोग इस समय डायबिटीज के मरीज हैं। उनमें से लगभग एक चौथाई- यानी 21 करोड़ 20 लाख भारत में हैं। विश्व में 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले लगभग साढ़े 44 करोड़ डायबिटीज मरीजों को उचित इलाज की सुविधा हासिल नहीं है। भारत में ऐसे लोगों की संख्या 13 करोड़ 30 लाख है। 1990 के बाद डायबिटीज मरीजों की संख्या चार गुना बढ़ी है। ऐसे मरीजों की संख्या साढ़े तीन गुना बढ़ी, जिन्हें उचित चिकित्सा उपलब्ध नहीं है। ये तथ्य ब्रिटिश स्वास्थ्य जर्नल द लासेंट के ताजा शोध पत्र से सामने आए हैं। इनके मद्देनजर यह अवश्य कहा जाएगा कि ये बीमारी जिस तेजी से फैली है, उसके अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं फैलाने के तकाजे को नीति-निर्माताओं ने नजरअंदाज किया है।*

*इसलिए वास्तविक संख्या के लिहाज से आज कहीं ज्यादा लोग बिना उचित इलाज के इस रोग को भुगत रहे हैं। दक्षिण एशिया में डायबिटीज सबसे तेजी से फैली है, यह जाना-पहचाना तथ्य है। यह ऐसी बीमारी है, जो कई बीमारियों की जड़ बनती है। उचित इलाज और मेडिकल सलाह ना मिले, तो धीरे-धीरे व्यक्ति की क्षमता को यह क्षीण करती जाती है। चेन्नई की स्मार्ट इंडिया नाम संस्था के 10 राज्यों में किए अध्ययन से सामने आया था कि बड़ी संख्या में डायबीटिज मरीज नज़र कमजोर होने की समस्या से पीड़ित होते हैं। हाई ब्लडप्रेशर और उसके परिणामस्वरूप पक्षाघात होने जैसी समस्याओं की आशंका डायबिटीज मरीजों में काफी बढ़ जाती है।*

*अच्छी बात है कि आज डायबिटीज की कारगर दवाएं उपलब्ध हैं। इनके अलावा स्वस्थकर भोजन एवं उचित व्यायाम से इसे नियंत्रित रखना संभव है। मगर समस्या नियमित मेडिकल जांच, दवाओं और उचित सलाह की उपलब्धता की है। चिकित्सा व्यवस्था के निजीकरण के साथ ये सुविधाएं इतनी महंगी हो गई हैं कि आम शख्स के लिए इन्हें हासिल करना कठिन हो गया है। उधर समृद्ध तबकों में उच्च उपभोग की जीवन शैली ने ऐसी बीमारियों की आशंका बढ़ाई है। द लासेंट जैसी पत्रिकाओं की तारीफ करनी होगी कि वे समय-समय पर ऐसी समस्याओं के प्रति हमें आगाह करती हैं। इस पर ध्यान ना देना अपने लिए जोखिम बढ़ाना होगा।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कुछ छिपे विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा कोई मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा आपका मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है।

**वृष राशि :** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपपुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज आपके व्यवहार से दूसरे लोग भी आपसे प्रभावित होंगे।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बात को लेकर भाई- बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन मेंबहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के जो लोग जॉब की तलाश में है उन्हें आज जॉब के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने-फिरने के लिए समय बेहतर है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिए अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। आज आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा अच्छा रहने वाला है। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। ऑफिस में नई जिम्मेदारियों को लेने के लिए उत्सुक रहेंगे। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं।

**मकर राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। पहले किये हुये निवेश से आज लाभ मिलेगा। आज आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं। आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा।

**कुंभ :** राशि आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों का आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा।

**मीन राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे।

# तकनीकी विकास और आधुनिकता के प्रभाव से जूझते बच्चे

//राजेश मणि//

**वर्तमान युग में भारतीय समाज त्वरित गति से तकनीकी और सामाजिक बदलावों का सामना कर रहा है। तकनीकी विकास ने हमारे बच्चों के जीवन को जहां नये अवसर दिए हैं, वहीं कई संकटों को भी जन्म दिया है।**



आज के बच्चे, जो हर रोज स्मार्टफोन, इंटरनेट और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं, अपनी मानसिकता, आदतों और जीवनशैली में तेजी से बदलाव महसूस कर रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में भारत में इंटरनेट, स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। शिक्षा से लेकर मनोरंजन तक, सब कुछ डिजिटल हो गया है। ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल गेमिंग, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और वीडियोग्राफी जैसे अत्याधुनिक साधन बच्चों की सोच, आदतें और जीवनशैली को आकार दे रहे हैं। बच्चों का अधिकांश समय स्मार्टफोन, टैबलेट, और कंप्यूटर पर बीतता है।

परिणामस्वरूप बच्चों में शारीरिक गतिविधियों की कमी हो रही है। शारीरिक निष्क्रियता से मोटापा, हड्डियों की कमजोरी और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। लंबे समय तक स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से उनकी आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और आंखों की रोशनी में भी गिरावट आ रही है। मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। बच्चों को साइबरबुलिंग, पोर्नोग्राफी, और असामाजिक सामग्री का सामना करना पड़ रहा है, जो उनके मानसिक विकास को नुकसान पहुंचाता है। सोशल मीडिया पर खुद को दूसरों से बेहतर साबित करने का दबाव भी बच्चों को तनाव और अवसाद की ओर धकेल रहा है। तकनीकी विकास ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया है। ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल उपकरणों का बढ़ता उपयोग बच्चों को नई पद्धतियों से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रहा है। इंटरनेट ने जहां बच्चों को दुनिया भर की जानकारी से परिचित कराया है, वहीं यह पारंपरिक शिक्षा की आदतों और मूल्यों से भी उन्हें दूर कर रहा है। बच्चों को खुद से पढ़ाई करने और स्वाध्याय की आदत डालने की बजाय वे अब इंटरनेट और तकनीकी उपकरणों पर निर्भर हो गए हैं। साथ ही, शिक्षा में नैतिक और सामाजिक शिक्षा की कमी भी महसूस हो रही है। आजकल के बच्चे भले ही तकनीकी दृष्टि से बेहद प्रगति कर गए हैं, लेकिन उनके भीतर मानवीय मूल्यों, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक संबंधों की अहमियत धीरे-धीरे कम हो रही है। यह स्थिति बच्चों को मानसिक और सामाजिक दृष्टिकोण से कमजोर बना रही है। भारत में पारंपरिक रूप से बच्चों से उच्च शिक्षा की उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। माता-पिता और समाज बच्चों से उम्मीद करते हैं कि वे हमेशा सर्वोत्तम परिणाम देंगे, जो मानसिक दबाव का कारण बन सकता है। बच्चों को अपनी पहचान बनाने में भी कठिनाई हो रही है, क्योंकि वे समाज के मानकों में बंध कर जीने की कोशिश करते हैं। यह दबाव न उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी डगमगा सकता है।

इसके अलावा, आजकल परिवारों में माता-पिता की व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और ध्यान नहीं मिल पाता। परिणाम यह होता है कि बच्चे अपने माता-पिता से मानसिक और भावनात्मक सहायता प्राप्त नहीं कर पाते और इस स्थिति में उनका मानसिक विकास बाधित हो सकता है।

इस संकट से उबरने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाने होंगे-संतुलित जीवनशैलीः बच्चों को तकनीकी उपकरणों का उपयोग सीमित करना चाहिए। शारीरिक गतिविधियों, खेलकूद और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलना चाहिए। संतुलित जीवनशैली बच्चों को मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा- बच्चों को तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा और मानवता के मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। इससे बच्चों का मानसिक-सामाजिक विकास संतुलित रूप से हो सकता है। पारिवारिक समर्थन- बच्चों को अपने परिवार से मानिसक-भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता होती है।

माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए, उन्हें समझने और उनकी समस्याओं का हल निकालने में मदद करनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल- बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बच्चे किसी प्रकार के मानसिक तनाव या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो उन्हें काउंसलिंग और उचित मानसिक उपचार की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। शिक्षा में सुधारः पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। बच्चों को आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए।

सरकार भी अपने तरीकों से हस्तक्षेप करने का प्रयास किया है भारत सरकार, प्रदेश सरकारें समय- समय पर जागरूकता अभियान और दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने साइबर सुरक्षा पर किशोरों/छात्रों के लिए पुस्तिका भी बनाई है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ कर दिया कि चाइल्ड पोर्न देखना या उसे स्टोर करके रखना भी पास्को और आईटी कानून के तहत अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पास्को एक्ट की धारा 15 के अनुसार चाइल्ड पोर्न देखना, रखना, प्रकाशित करना या उसे प्रसारित करना अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव भी दिया। कहा कि अदालतों को अपने फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लाटेटिव मैटेरिअल का इस्तेमाल करना चाहिए। सही मायने में बाल दिवस' का स्वरूप तब दिखेगा जब हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलें। बच्चों के प्रति कोई हिंसा न हो। बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह इस सभी चीजों से आजादी हो। भारत में आज के बच्चे तकनीकी विकास और आधुनिकता के प्रभाव से जूझ रहे हैं। यह तकनीकी युग उनके लिए कई नये अवसर उत्पन्न करता है, लेकिन इसके साथ ही यह उनके मानिसक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल रहा है। इस संकट से उबरने के लिए हमें एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें बच्चों का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# कबूतरों की बीट रसायन स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक

//भगवती प्रसाद डोभाल//

**हाल ही में कुछ अध्ययनों से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें कबूतरों से खतरे की बात बताई गई है। इनमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीबी एंड रेस्पिरेटरी डिजीज के डॉ. मीत घोनिया ने बताया कि कबूतर की बीट में साल्मोनेला, ई. कोली और इंफ्लूएंजा-जैसे रोगाणु होते हैं, जिनसे अस्थमा-जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। कहा है कि इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो कबूतरों के संपर्क में रहे हैं। उसका कारण यही माना जा रहा है कि कबूतरों की बीट में जो रसायन पाया जाता है, वह स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है।**



डॉ. मीत ने बताया कि जब कबूतर एक जगह ज्यादा संख्या में होते हैं, तब उनकी बीट से क्रिप्टोकोकी जैसे फंगल बीजाणुओं के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यही बीजाणु हवा में अधिक मात्रा में होने के कारण व्यक्ति की सांस के माध्यम से फेफड़ों में चला जाता है। फिर सांस लेने में परेशानी हो जाती है। इस परेशानी से अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं। यह एक ऐसा बीजाणु है, जो मनुष्य की जान लेने का कारण बनता है।

गंभीर बीमारी टीबी के फैलने के खतरों को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने प्रस्ताव रखा है कि दिल्ली में कबूतरों की बढ़ती आबादी को रोकने के लिए कबूतरों को दाना देने वालों को रोका जाए। यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि जहां-जहां दिल्ली शहर में कबूतरों को दाना डालने के स्थान लोगों ने बनाए हैं, उन्हें बंद किया जाए। एमसीडी द्वारा दाना डालने वाले स्थानों को रोकने से जनता खुश नहीं है। उसका कारण है लोगों की भावना। वे इन पक्षियों को जीवित रखना चाहते हैं। इतना ही नहीं, दाना देने वाली जगहों पर ऐसे व्यापारी भी बैठे होते हैं, जो कबूतरों के लिए दाना बिकवाते हैं; वे भी इस रोक से परेशान हैं, उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। दिल्ली के कनाट प्लेस, बाराखंबा, मंडी हाउस, पटेल नगर, शंकर रोड, मंदिर मार्ग, कड़कडडूमा, करोल बाग और रोहतक रोड के कई इलाकों के चौक-चौराहों पर कबूतरों के लिए दानागाह हैं। इन स्थानों पर नागरिक दूर-दूर से कबूतरों को दाना देने आते हैं, और उनके लिए पीने के पानी का बंदोबस्त भी किया जाता है। देखा गया है कि अधिकांश पक्षियों की प्रजातियां दिल्ली से लुप्त होती जा रही हैं।

गौरया को दिल्ली राज्य के पक्षी की मान्यता दी गई थी पर आज वह खोजने पर भी नहीं मिलती; लुप्त होने का कारण दिल्ली अब उसके रहने लायक नहीं रह गई। छोटे-छोटे स्थानों और पाकरे में वह अपनी संतति बढ़ाने के लिए घोसलों का निर्माण करती थी, लेकिन अब वे स्थान उसके लिए उपयुक्त नहीं रहे। साथ ही, भीड़ भरे स्थानों में गौरया का जीना दूभर हो गया है। ऐसे ही बहुत सारी प्रजातियां दिल्ली से लुप्त हो गई हैं। अब कबूतर ही दिल्ली में सर्वाइव कर रहे हैं क्योंकि वे बड़ी-बड़ी बहुमंजिली इमारतों में अपने घोसले बनाने का प्रयास करते हैं, छिपने का स्थान ढूंढ़ कर संतति बढ़ाते हैं। इसलिए कुछ स्थानों को छोड़ कर कबूतर दिख जाते हैं। वैसे कबूतर का मनुष्य से पुराना रिश्ता भी है। पुराने जमाने में वे ही संदेशवाहक का काम करते थे। राजा-महाराजाओं के संदेशों को पहुंचाने का इतिहास कबूतरों का ही रहा है।

इससे पता चलता है कि वे अक्सर आदमियों के करीब ही रहना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन आज देश की बढ़ती अबादी महानगरों में ही सिमटने को अपना भविष्य मानती है। इस कारण इको सिस्टम ही बदल रहा है। वैज्ञानिक उपलब्धि का फायदा मनुष्य तो ले रहा है पर पर्यावरण को दरकिनार कर नई-नई दुारियों को बुलावा भी दे रहा है। संतुलित विकास का समीकरण ही बदल गया है। इसके साथ ही नये-नये वायरस भी जन्म ले रहे हैं, उनकी वजह से पूरा विश्व ही परेशानियों से जूझ रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल है। मृत्यु का तांडव कोरोना काल में रहा। अब आप अपने आसपास के जीव- जंतुओं को ही मिटाना चाहते हैं। वैसे, शांति के प्रतीक कबूतरों से अगर वाकई मानव जीवन को खतरा है, तो इसका हल तलाशना भी वैज्ञानिकों के लिए जरूरी है। दिल्ली के चिकित्सकों ने भी कबूतरों के आवासों को मिटाने के लिए एमसीडी की योजना को सही माना है, और कबूतरों के पोषण के स्थानों को मिटाने का बिल लाया जा रहा है, लेकिन कबूतरों को संरक्षण देने में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9/51 काम कर सकती है। दिल्ली के प्रशासकों और वैज्ञानिकों को ऐसे अनुसंधान की ओर बढना़ चाहिए जिसमें फंगस, साल्मोनेला ई. कोली-जो कबूतरों को हमसे दूर करता जा रहा है-को मारने के लिए दवा का ईजाद किया जाना निहायत जरूरी है, ताकि हमारा एक प्रिय पक्षी हमसे दूर न होने पाए।

## तस्वीरों की दुनिया



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन नई दिल्ली स्थित संसद भवन में संबोधित किया।**



**नई दिल्ली स्थित संसद भवन में 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन भाग लेने के लिए सांसद पहुंचे।**



**समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव और पार्टी सांसद डिंपल यादव 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में।**



**नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन संसद भवन परिसर में भाजपा सांसद हेमा मालिनी।**



**नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन संसद भवन परिसर में भाजपा सांसद कंगना रनौत।**



**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए पटना पहुंचे।**



**संभल में शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण करने पहुंची सर्वेक्षण टीम के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच झड़प के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई।**

# सात एफआईआर, 25 को जेल, 3750 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा, पहले ही लिखी जा चुकी थी संभल हिंसा की स्क्रिप्ट!




**संभल, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर रविवार को भड़की हिंसा सुनियोजित थी। घायल सीओ, डिप्टी कलेक्टर व पुलिसकर्मियों की ओर से सोमवार को 3,750 से अधिक लोगों के खिलाफ सात अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। दरोगा दीपक राठी की ओर से प्राथमिकी में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल व आठ सौ से अधिक अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। सांसद व विधायक पुत्र पर भीड़ को हिंसा करने के लिए भड़काने का आरोप है। 25 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। जामा मस्जिद के सदर जफर अली सहित दो सौ से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, पूछताछ के बाद शाम को उन्हें छोड़ दिया गया। शहर में सोमवार को दूसरे दिन भी तनावपूर्ण स्थिति रही। तिराहे-चौराहों पर सन्नाटा छाया रहा। पुलिस, पीएसी व रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान गश्त करते रहे। अधिकारियों के प्रयासों के बाद भी दहशतजदा व्यापारियों ने दुकानें नहीं खोलीं। इंटरनेट सेवा और स्कूल-कालेज मंगलवार को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है। राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के जुटने की आशंका के मद्देनजर 30 नवंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।बीते 19 नवंबर को वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पेश किया था। अदालत ने उसी दिन सर्वे कराए जाने का आदेश दिया था। 19 नवंबर को वीडियोग्राफी कराने के बाद टीम वापस आ गई थी।दूसरे चरण का सर्वे करने के लिए रविवार सुबह सात बजे एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव वादी व प्रतिवादी पक्ष के साथ मस्जिद पहुंचे और वीडियोग्राफी करानी शुरू की। इसी दौरान बाहर भीड़ जुटनी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को रोका तो हिंसा भड़क गई। पांच स्थानीय युवा नईम, बिलाल, अयान, कैफ और नोमान की गोली लगने से मृत्यु हो गई। हालांकि, चार की मौत की ही आधिकारिक पुष्टि हुई है। नोमान के परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव दफन कर दिया है। इसके अलावा, डिप्टी कलेक्टर, सीओ, एसपी के पीआरओ सहित 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।चलाया धरपकड़ अभियान इसके बाद रविवार को रातभर और सोमवार को भारी पुलिस फोर्स के साथ अधिकारियों ने धरपकड़ अभियान चलाया। जामा मस्जिद की इंतेजामिया कमेटी के सदर जफर अली को सोमवार शाम हिरासत में लिया गया। वह कोर्ट में मस्जिद की ओर से अधिवक्ता भी हैं। पुलिस ने नौ वीडियो फुटेज भी जारी किए हैं। उनके आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है।बवाल करने वाले पूरी तैयारी से थे। उनके पास दोधारी खंजर भी थे। माना जा रहा है कि इसके लिए तैयारी कुछ दिन पहले ही की गई होगी। हिंसा के दौरान खदेड़े गए उपद्रवियों के जूते-चप्पल व अन्य सामान के साथ ही पुलिस को दोधारी खंजर जैसे हथियार मिले हैं। इसमें दोनों ओर चाकू की तरह तेज धार और बीच में पकड़ने के लिए मूठ बनाई गई है।

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे दिखाया।पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कानून से खिलवाड़ की अनुमति किसी को नहीं है। जिन्होंने संभल में हिंसा की है या जो लोग इसके पीछे हैं, उन्हें सरकार का बुलडोजर भी याद रखना चाहिए। अधिकारी यह संदेश अपराधियों तक पहुंचा दें।ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। बलवा करने वालों को किसी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।-कृष्ण कुमार विश्नोई, पुलिस अधीक्षक, संभल अब संभल में शांति-व्यवस्था कायम है। पूरे मामले में साजिश समेत अन्य पहलुओं की गहनता से जांच कराई जा रही है। संवेदनशील जिलों में खुफिया तंत्र को भी पूरी सक्रियता बरते जाने का निर्देश दिया गया है।

## महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री चुनने पर कहां फंसा पेच, आसान नहीं सीएम पर फैसला

**मुंबई, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में बंपर सीटें जीतने के बाद भी भाजपा नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री की गुत्थी सुलझाना आसान नहीं होगा। एक तरफ सियासी रणनीति में शरद पवार जैसे दिग्गज नेता को मात देने वाले देवेंद्र फडणवीस हैं तो ढाई साल के सुशासन और बाला साहब ठाकरे की शिवसेना का असली उत्तराधिकारी बनकर उभरे एकनाथ शिंदे के दावे को भी खारिज नहीं किया जा रहा है।यह सबकी सोच है कि इस बड़ी जीत के पीछे लाड़ली बहना योजना का हाथ है और राज्य में इसे शिंदे के साथ जोड़कर देखा जाता रहा है। खुद भाजपा के अंदर भी कई नेता हैं जो यह मानते हैं कि शिंदे का व्यक्तिगत असर भी रहा था। ऐसे में माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री चेहरा तय करने के साथ ही रोटेशन पर भी चर्चा होगी।अच्छी बात यह है कि मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बीच लगातार चर्चा हो रही है। लिहाजा कोई फैसला होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। यह मामला दो तीन दिन से लेकर एक सप्ताह तक खिंच सकता है। नई सरकार बनने तक एकनाथ शिंदे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहेंगे।ढाई साल पहले शिवसेना टूटने के बाद ही देवेंद्र फड़नवीस मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे और उन्होंने इसका एलान भी कर दिया था, लेकिन एक रणनीति के तहत केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें उपमुख्यमंत्री के लिए तैयार किया, ताकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना समर्थक एकजुट हो सकें। यह रणनीति सफल रही और उद्धव ठाकरे गुट हाशिये पर आ गया।भले ही चुनाव के पहले एकनाथ शिंदे को अगले मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में आधिकारिक रूप में प्रोजेक्ट नहीं किया गया हो, लेकिन देवेंद्र फडणवीस बार-बार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात करते रहे हैं। एकनाथ शिंदे के दावे को खारिज करने के लिए 2014 और 2019 का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन 2024 की स्थिति उनसे बिल्कुल अलग है।

## 73 साल के भारतीय ने फ्लाइट में चार महिलाओं के साथ की छेड़छाड़, सिंगापुर की अदालत में आरोप तय




**सिंगापुर, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

सिंगापुर की एक अदालत में 73 वर्षीय भारतीय नागरिक पर फ्लाइट में चार महिलाओं से छेड़छाड़ करने का आरोप तय किया गया है। शख्स पर आरोप है कि उसने सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) की अमेरिका से सिंगापुर जाने वाली फ्लाइट में चार महिलाओं से छेड़छाड़ किया। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार शख्स का नाम बालासुब्रमण्यम रमेश है और उस पर एक ही महिला के साथ चार बार छेड़छाड़ करने का आरोप है। वहीं उसने 18 नवंबर को फ्लाइट में तीन अन्य महिलाओं को एक-एक बार निशाना बनाया। पीटीआई ने स्ट्रेट्स टाइम्स के हवाले से बताया कि सोमवार को जिला अदालत में रमेश पर छेड़छाड़ के सात आरोप लगाए गए।

अदालती दस्तावेजों में यह खुलासा नहीं किया गया है कि ये महिलाएं विमान की यात्री थीं या चालक दल की सदस्य थीं और उनकी पहचान की सुरक्षा के लिए गैग ऑर्डर के कारण उनका नाम नहीं बताया जा सकता। बालासुब्रमण्यम पर पहली महिला से सुबह करीब 3.15 बजे और दूसरी महिला से उड़ान के दौरान करीब पांच मिनट बाद छेड़छाड़ करने का आरोप है। उन्होंने कथित तौर पर दूसरी महिला से सुबह 3.30 बजे से सुबह 6 बजे के बीच तीन बार और छेड़छाड़ की। ऐसा भी कहा जा रहा है कि उन्होंने सुबह करीब 9.30 बजे तीसरी महिला को परेशान किया और शाम करीब 5.30 बजे चौथी महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ की।सिंगापुर के दैनिक अखबार के अनुसार, 13 दिसंबर को उसे दोषी घोषित किए जाने की उम्मीद है। छेड़छाड़ के प्रत्येक मामले में, अपराधी को तीन साल तक की जेल, जुर्माना या बेंत की सजा या ऐसी किसी भी सजा का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, बाला सुब्रमण्यम को बेंत की सजा नहीं दी जा सकती, क्योंकि उनकी उम्र 50 साल से अधिक है।

## आप सेक्स रैकेट चलाते हैं क्यों न आप पर..? सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य को 'डिजिटल अरेस्ट' करने का प्रयास

**अमरोहा, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

साइबर ठग किस रूप में आपको अपने झांसे में ले लें, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए इंटरनेट मीडिया के इस दौर में होशियार रहने की जरूरत है। जागरूकता ही आपको इस मामले में फंसने से बचा सकती है। ताजा मामला अमरोहा का है। यहां रहने वाले सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा को भी साइबर ठगों में झांसे में लेने का प्रयास किया है। दिल्ली पुलिस के एडीजी व सीबीआई की साइबर सेल के संयुक्त नाम से उन्हें ईमेल भेज कर कहा है कि वह सेक्स रैकेट का संचालन करते हैं। क्यों न आपके विरुद्ध कार्रवाई की जाए, इसका जवाब एक सप्ताह में दें। मेल मिलने के बाद अनिल जग्गा ने एसपी दफ्तर में शिकायत दर्ज कराई है। आर्य समाज मंदिर निवासी सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा को सोमवार को एक मेल मिली थी। यह मेल दिल्ली पुलिस के एडीजी व सीबीआई की तरफ से संयुक्त मेल थी। प्रारूप ऐसा कि अंजान आदमी देख कर ही परेशान हो जाए। अशोक स्तंभ के साथ ही तीनों पेज पर एडीजी व सीबीआई की मुहर व



हस्ताक्षर भी छपे हैं। तीन पेज के इस मेल में उन पर आरोप लगाया है कि अनिल जग्गा देश में सेक्स का रैकेट संचालित करते हैं। दिल्ली साइबर सेल की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। साथ ही कहा है कि वह सात दिन से भीतर सीइआईबी.एचक्यू2.जीओवीञ्चडब्ल्यूआईसीटीसर्विसेज.काम पर जवाब दें कि क्यों न आपके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साइबर ठगों ने अपने दफ्तर का पता पुलिस हेडक्वार्टर थाना मंदिर मार्ग दिल्ली तथा जनपथ भवन नई दिल्ली लिखा है। इसके थोड़ी देर बाद उनके पास दूसरी मेल आई।

उसमें भी यही आरोप लगाए गए थे, जबकि उस मेल में दफ्तर का पता राष्ट्रीय राजमार्ग-9 महिपालपुर दिल्ली लिखा था। इतना ही नहीं दूसरी मेल के पेज को जब उन्होंने प्रिंट आउट करने के लिए क्लिक किया तो वहां एक लिंक सामने आ गया। लिंक पर क्लिक करते ही उनकी मेल आईडी के संबंध में एक ओटीपी पूछा। परंतु अनिल जग्गा ने ओटीपी दर्ज नहीं किया तथा मेल बंद कर दी। उसके बाद उन्होंने एसपी दफ्तर में जाकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। साइबर एक्सपर्ट मनीष सिरोही ने बताया कि साइबर ठगी का यह तरीका हाल ही में चलन में आया है। लिहाजा लोगों को उनके जीमेल पर आई किसी भी मेल को खोल कर ओटीपी दर्ज नहीं करनी चाहिए।यदि ऐसा करेंगे तो साइबर ठग जीमेल को हैक कर मोबाइल व बैंक खाते तक में सेंध लगा सकते हैं। साथ ही डिजिटल अरेस्ट कर वसूली का प्रयास करेंगे। तत्काल साइबर सेल में सूचना दें।

## विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी लिरेन के नाम, भारतीय चैलेंजर पिछड़े



**सिगापुर, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी को बीच में अनावश्यक ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा, जिससे चीन के मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। विश्व चैंपियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरुआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी।इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब फ्रेंच डिफेंस से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के विरुद्ध पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था, लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरुआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके काले मोहरों से खेलते हुए 42 चालों में जीत दर्ज की और 14 बाजियों के खेल में बढ़त बना ली। शुरुआत में पिछड़ने को लेकर गुकेश ने कहा, ये होता रहता है। यह बहुत लंबा मैच है और मेरे प्रतिद्वंद्वी की फार्म के बारे में, मुझे इससे अधिक कुछ भी उम्मीद नहीं थी।

## डीजे पर नाच रहे थे बाराती, बरात में दिखाने लगे अपनी करतूत नाराज दुल्हन ने कर दिया शादी से इनकार, खाली हाथ लौटा दूल्हा

**लखनऊ, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

निगोहां के एक गांव में सोमवार को रायबरेली से आई बरात को दुल्हन ने लौटा दी। आरोप है कि बरात जैसे ही लड़की के दरवाजे पहुंचे तो नशे में धुत रिश्तेदारों ने डीजे पर डांस करने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद लड़की पक्ष के लोंगो ने बीच बचाव कराना चाहा तो मारपीट शुरु कर दी। इसके बाद घराती और बारातियों में जमकर लाठी-डंडे चले और और बिना निकाह के बारात वापस लौट गई। लड़की पक्ष के लोगों ने पूरे मामले की शिकायत निगोहां थाने में की है।निगोहां के एक गांव में



बेटी के माता-पिता की मौत के बाद ग्रामीणों ने उसकी शादी का बीड़ा उठाया था। रायबरेली के एक गांव से उसका रिश्ता तय कर निकाह की तैयारी की थी। बारात सोमवार को गांव पहुंची। आरोप है कि लड़की के दरवाजे पहुंचने पर बारातियों में आए दूल्हे का बहनोई और भाई शराब के नशे में धुत डीजे पर डांस करने को लेकर आपस मे भिड़ गए।

यह देख लड़की पक्ष के कुछ लोग बीच बचाव कराने लगे। इसपर वह लोग उनसे भी झगड़ा करने लगे। कुछ देर में ही घराती और बारातियों में जमकर लाठी-डंडों लात घूंसों से मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद बिना निकाह के बारात वापस लौट गई। वहीं, मारपीट की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस पहुंच गई, जिसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने पूरे मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से की है।

## सड़क पर आया उदयपुर के पूर्व राजघराने का झगड़ा, राजतिलक के बाद विश्वराज को पैलेस में नहीं मिला प्रवेश, पथराव में महिला घायल



**उदयपुर, 26 नवंबर ।**

महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन के बाद उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के बीच विवाद सड़क पर आ गया है। महेंद्र सिंह मेवाड़ के बड़े बेटे विश्वराज सिंह मेवाड़ के राजतिलक की रस्म के बाद वह धूणी के दर्शन के लिए सिटी पैलेस जा रहे थे। इस दौरान चाचा अरविंद सिंह मेवाड़ के परिवार ने उन्हें सिटी पैलेस में प्रवेश से रोकते हुए दरवाजे बंद कर दिए। अरविंद सिंह का परिवार महाराणा प्रताप का वंशज है और उन्होंने परंपरा निभाने से मना किया।विश्वराज सिंह मेवाड़ और उनके समर्थकों ने सिटी पैलेस के रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए और काफिले की छह गाड़ियां जगदीश चौक तक पहुंची, जहां पुलिस ने रास्ता रोक लिया। इस दौरान सिटी पैलेस के अंदर से पत्थरबाजी हुई और समर्थकों ने पुलिस का घेरा तोड़ दिया। कुछ समर्थक महल की दीवारों पर चढ़ गए।विश्वराज सिंह मेवाड़ और उनके समर्थक धूणी दर्शन पर अड़े रहे, जबकि सिटी पैलेस के लोग किसी को भी अंदर जाने नहीं दे रहे थे। पथराव में एक महिला घायल हो गई, जिसके सिर पर बोतल का प्रहार लगा था। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कलेक्टर और एसपी से बातचीत की, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। प्रशासन ने अब विवादित धूणी स्थल पर रिसीवर नियुक्त करने का निर्णय लिया है, ताकि यथास्थिति बनी रहे और विश्वराज सिंह मेवाड़ को सिटी पैलेस में प्रवेश न मिल सके।

## पानी से भरे ड्रम में गिरकर दो साल बच्चे की मौत, नाना-नानी के घर रहता था बच्चा

**बाहरी दिल्ली, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रेम नगर थाना क्षेत्र में एक दो वर्षीय बच्चे की मौत पानी से भरे ड्रम में गिरने से हो गई। इसकी सूचना पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।वहीं, ड्रम को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में पुलिस कई अन्य पहलुओं से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक कृष्णा अपने नाना रामकुमार झा व नानी सुनीता देवी के प्रेम नगर-3 में रहता था। वहीं, कृष्णा के पिता रंजीत झा और माता सोनी कुमारी करोल बाग में रहते हैं। रंजीत एक कपड़े की दुकान



में नौकरी करते हैं।

माता सोनी ने बताया कि उनकी तबीयत हमेशा खराब रहती है। वह बेटे की देखभाल सही से नहीं कर पा रही थीं। ऐसे में उन्होंने अपने बेटे को तीन महीने पहले उसके नाना-नानी के घर छोड़ आई थीं। ताकि उनके बेटे की देखभाल सही से हो सके।सोनी ने बताया कि सोमवार की शाम करीब सात बजे कृष्णा नीचे रसोई घर में खेल रहा था, जहां 25 लीटर के ड्रम में पानी भरा हुआ था। कृष्णा खेलता हुआ ड्रम में भरे पानी में गिलास डाल दिया। इस दौरान गिलास को निकालने की कोशिश के दौरान ड्रम के अंदर ही गिर गया। जानकारी के मुताबिक जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय बच्चे की नानी छत पर थीं। वहीं, नाना किसी काम से बाहर में गए थे। जानकारी के अनुसार, नानी सुनीता छत से नीचे जैसे ही उतरी, उनकी नजर सिर के बल पानी में डूबे कृष्णा पर गई। तुरंत कृष्णा को ड्रम से बाहर निकाला, जिसके बाद इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। देखते ही देखते काफी लोग जमा हो गए।बच्चे को अधमरा देख लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। आनन-फानन बच्चे को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों में बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इकलौता बेटे की मौत की खबर सुनते ही माता-पिता करोल बाग से प्रेम नगर पहुंचे। इस हादसे के बाद से माता-पिता दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। माता सोनी के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है। बस एक ही बात कह रही है कि भगवान ने काफी मिन्नत के बाद एक बेटा दिया, अब वह भी हमसे दूर हो गया।वहीं, बुजुर्ग नाना और नानी भी बेसुध हैं। नाना ने बताया कि हादसे के कुछ समय पहले ही नाती को गोद में लेकर घूमा रहे थे।

# कृपालु महाराज की बेटियों के काफिले में जानबूझ कर टकराया था कैंटर! बड़ी बेटी की गई थी जान

**ग्रेटर नोएडा, 26 नवंबर [एजेंसी]।**



वृंदावन के प्रेम मंदिर और प्रतापगढ़ स्थित मनगढ़ भक्ति धाम के संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज की बेटियों के काफिले में कैंटर चालक पर जानबूझ कर टक्कटर मारने की आशंका जाहिर की गई है। काफिले में शामिल कार चालक प्रविन मुडभरी ने यह आशंका जाहिर करते हुए दनकौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। भक्ति धाम मानगढ़, कुंडा, प्रतापगढ़ में प्रविन मुडभरी रहते हैं। उन्होंने रविवार देर शाम इस मामले के संबंध में दनकौर थाने में तहरीर दी। उसमें बताया कि वह शनिवार रात पौने दो बजे वृंदावन से कृपालु महाराज की तीनों बेटियों के काफिले के साथ गोलोक धाम द्वारका, दिल्ली के लिए निकले।रात करीब साढ़े तीन से पौने चार बजे के बीच लघुशंका करने के लिए दनकौर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आठ किलोमीटर बोर्ड के पास काफिला रूका। काफिले की तीनों कारें एक्सप्रेस-वे के बिल्कुल किनारे खड़ी हुईं, तभी तेजी से आए कैंटर ने काफिले में शामिल कारों को टक्कर मारते हुए पलट गया। कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी की मृत्यु हो गई। दोनों छोटी बेटियां डॉ. श्यामा त्रिपाठी व कृष्णा त्रिपाठी सहित सात अन्य लोग घायल हो गए। कैंटर चालक मौके से फरार हो गया।

राहगीरों की मदद से सभी को कारों से बाहर निकाला गया। उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। उन्होंने कहा कि यह बड़ा हादसा हुआ है।कैंटर चालक की अत्यंत लापरवाही से हादसा हुआ है। यह भी हो सकता है कि किसी ने जानबूझ कर ऐसा किया हो। उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपित चालक फिरोजाबाद के सोनू यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। हादसे में घायल कश्मीरा पटेल ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा एक स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल के प्रबंधन ने बताया कि कश्मीरा पटेल अभी वेंटिलेटर पर ही है। उनकी स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी रविवार को सिर की सर्जरी हुई है। उनके चेस्ट में भी गहरी चोट आई है।बीएनएस 106 (1) यदि कोई व्यक्ति लापरवाही द्वारा या जल्दबाजी के कारण किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है। उस व्यक्ति को दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष की सजा से दंडित किया जाएगा।

बीएनएस 125ए यदि किसी व्यक्ति को मामूली चोट लगती है, तो दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को छह महीने तक की कैद या पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बीएनएस 125बी किसी व्यक्ति को गंभीर चोट लगती है, तो दोषी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 10 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।बीएनएस 281 में- रैश ड्राइविंग का अपराध है। दोषी को एक अवधि के कारावास की सजा जिसे 6 महीने तक बढ़ाया जा सकता है व जुर्माने से भी दंडित किया जा सकता है। इसके अलावा ऐसे मामलों में अपराध की गंभीरता को देखते हुए सजा को इससे ज्यादा भी बढ़ाया जा सकता है।बीएनएस 324 (2) साधारण शरारत के तहत दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को छह महीने तक की कैद व जुर्माने की सजा दी जा सकती है।तहरीर के आधार पर आरोपित कैंटर चालक के खिलाफ दनकौर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ करके जानकारियां जुटाई जाएंगी। प्रविन ने जो आशंका जाहिर की है उस बिंदु सहित सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## क्राइम ब्रांच का हवलदार रिश्वत लेते गिरफ्तार, पिछले हफ्ते अमित शाह ने भ्रष्टाचार पर दिल्ली पुलिस को लगाई थी फटकार

**नईदिल्ली, 26 नवंबर [एजेंसी]।**

कोतवाली स्थित क्राइम ब्रांच के नारकोटिक्स सेल में तैनात एक हवलदार को सीबीआई की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पिछले हफ्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के मामले पर गृह मंत्रालय बुलाकर दिल्ली पुलिस आयुक्त समेत छह विशेष आयुक्त को जमकर नसीहत दी थी। गृह मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए आला अधिकारियों से कहा था कि वह जल्द से जल्द दिल्ली की कानून व्यवस्था में सुधार लाएं और बढ़ते भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए। बावजूद इसके चार दिन बाद ही क्राइम ब्रांच के हवलदार को रिश्वत लेते सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करने के मामले में दिल्ली पुलिस में भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है।हवलदार संजय को सोमवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। हालांकि अभी सीबीआई ने इसकी अधिकारिक तौर पर जानकारी साझा नहीं की है कि किन मामलों में कितनी रकम की मांग की गई थी।इसके अलावा सीबीआई ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम के लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बेलदार के माध्यम से शिकायतकर्ता से दुकान की सील खोलने के नाम पर 60 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।शाहदरा जोन में नगर निगम के एलआई देवेन्द्र कुमार ने बेलदार देवी राम के माध्यम से शिकायतकर्ता से दुकान की सील खुलवाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। सूचना पर पहुंची सीबीआई की टीम ने अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया।

# क्या आपके बच्चों को भी है मीठा खाने की लत ? छुड़वाने के लिए अपनाएं ये तरीके

**बड़ों के लिए मीठे की लत को दूर करना मुश्किल होता है। हालांकि, जब बात बच्चों में मीठे की लालसा को कम करने की आती है, तो यह और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है।बच्चों को टॉफी, चॉकलेट, बिस्कुट और केक जैसे व्यंजन पसंद होते हैं, जिनके सेवन से दांत खराब हो सकते हैं और बच्चे बीमार भी पड़ सकते हैं।अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए ये 5 टिप्स अपनाएं, जिनसे उनकी मीठे की लालसा कम हो जाएगी।**



प्राकृतिक रूप से मीठे खाद्य पदार्थ खिलाएं

बच्चों के लिए अचानक मीठा खाना बंद कर देना बेहद मुश्किल हो सकता है।ऐसे में आपको पहले उन्हें टॉफी और चॉकलेट आदि की जगह पर ऐसे खाद्य पदार्थ खिलाने चाहिए, जिनमें रिफाइंड चीनी की जगह प्राकृतिक चीनी मौजूद होती हो।आप उन्हें संतरे, बेरी और अनानास आदि जैसे मीठे फल खिला सकते हैं। इन फलों के जरिए उन्हें फाइबर समेत अन्य पोषक तत्व भी मिलेंगे और उनकी मीठा खाने की लालसा भी पूरी हो जाएगी।

जूस जैसे मीठे पेय पदार्थों से दूर रखें

सभी मां-बाप अपने बच्चों को बाजार में मिलने वाले जूस और अन्य पेय पिला देते हैं, क्योंकि ब्रांड इन्हें स्वस्थ बताते हैं। हालांकि, इनमें अधिक मात्रा में चीनी शामिल होती है और ये बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।आपको अपने बच्चे की मीठे की लत छुड़वाने के लिए उसे पैकेट वाले जूस और चॉकलेट पाउडर वाला दूध आदि नहीं पिलाना चाहिए।इनके बजाय उन्हें ताजे फलों का जूस निकालकर पिलाएं या बिना चीनी वाला दूध दें।

इनाम के रूप में टॉफी देना बंद करें

मां-बाप बच्चों से अपनी बात मनवाने के लिए उन्हें टॉफी-चॉकलेट का लालच देते हैं। जब बच्चे कोई अच्छा काम करते हैं या उनकी बात मान लेते हैं, तो वे उन्हें मीठे व्यंजन खिलाकर खुश करने की कोशिश करते हैं।हालांकि, ऐसा करने से बच्चों की आदत बिगड़ती है और वे मीठा खाने के आदी हो जाते हैं। अगर आप अपने बच्चे की डाइट से मीठे व्यंजन कम करना चाहते हैं तो उन्हें इनाम के रूप में टॉफी-चॉकलेट देना बंद करें।

धीरे-धीरे चीनी खिलाना कम करें

अगर आप अचानक अपने बच्चों को मीठे व्यंजन देना बंद कर देंगे, तो वे चिड़चिड़े हो जाएंगे और जिद करने लगेंगे। ऐसे में उनके खान-पान में छोटे-छोटे बदलाव करें और धीरे-धीरे उन्हें चीनी खिलाना कम करें।सबसे पहले उन व्यंजनों में चीनी डालना बंद करें, जिन्हें आपके बच्चे रोज खाते हैं, जैसे दूध, दही या स्मूदी आदी। इसके बाद उन्हें टॉफी या चॉकलेट की जगह पर सूखे मेवे या फल खिलाना शुरू करें।

प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन भी रोकें

आज कल के बच्चे लगभग रोजाना चिप्स, बिस्कुट और इंस्टेंट नूडल्स जैसे व्यंजन खाते हैं। ये खाद्य पदार्थ अधिक प्रोसेस्ड होते हैं और इनमें कोई पोषक तत्व नहीं मौजूद होते हैं। सभी व्यंजन चीनी से समृद्ध होते हैं और मीठे की लालसा को बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं। ऐसे में आपको बच्चों के खान-पान से ये प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ भी निकाल देने चाहिए।आप मीठे की लालसा को कम करने के लिए ये खाद्य पदार्थ खा सकते हैं।

# वॉशिंग मशीन की सफाई पर नहीं दिया ध्यान तो हो सकते हैं बीमार

वॉशिंग मशीन हम सभी के घरों में होती है. इससे गंदे कपड़े साफ करने में मदद मिलती है. हालांकि, अगर वॉशिंग मशीन का सिर्फ इस्तेमाल ही होता रहता है और उसकी साफ-सफाई पर ध्यान न दिया जाए तो इसमें हानिकारक बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं.

फ्रंट लोडिंग वॉशिंग मशीन के गर्म और नम वातावरण की वजह से बैक्टीरिया पैदा हो सकते हैं, जो सेहत ( ।।द्दड्डद्यह्लद्ध ) के लिए खतरनाक हो सकता है. इसके लिए जरूरी है कि कम से कम महीने में एक बार वॉशिंग मशीन की सफाई जरूर की जाए. आइए जानते हैं वॉशिंग मशीन की वजह से कौन-कौन से इंफेक्शन शरीर में हो सकते हैं.

वॉशिंग मशीन में पनपने वाले बैक्टीरिया

1. ई. कोलाई

ई कोली जर्म्स हैं जो बैक्टीरिया कहलाते हैं. यह कई जगहों पर पाए जाते हैं जिसमें वातावरण, खाना-पानी, इंसान और जानवर शामिल हैं. ये गंदे कपड़े जैसे अंडरवियर और डायपर से फैल सकते हैं. इनसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है. इससे बचने के लिए अंडरगारमेंट्स, कपड़े और किचन टॉवल को अलग से गर्म पानी से धोएं.



2. स्टैफिलोकोकस ऑरियस

स्टैफिलोकोकस बैक्टीरिया गर्म और नम वातावरण में रहते हैं, जैसे वॉशिंग मशीन. इससे कई तरह के स्किन इन्फेक्शन हो सकते हैं. अगर किसी चोट यह कट से बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश कर जाए तो गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं. इससे बचाव के लिए आप गर्म पानी और रेगुलर इस्तेमाल किए जाने वाले ब्लीच का इस्तेमाल कर सकते हैं. यह बैक्टीरिया का खात्मा कर सकता है. महीने में एक बार आप गर्म पानी में ब्लीच डालकर वॉशिंग मशीन को डिसइनफेक्ट जरूर करें.

3. स्यूडोमोनास इंफेक्शन

स्यूडोमोनास एरुगिनोसा एक ऐसा बैक्टीरिया है, जो पानी और मिट्टी में मिलता है. इससे स्किन रैशेज और इंफेक्शन होने का खतरा रहता है. यह नम वातावरण में जन्म लेता है, जिसमें वॉशिंग मशीन भी शामिल है. इससे बचने के लिए मशीन को यूज करने के बाद उसके डोर को खुला छोड़ दें, जिससे मॉइश्चर बिल्डअप न हो.

4. फंगल इंफेक्शन

कैंडिडा और मोल्ड जैसे फंगस वॉशिंग मशीन के नम पार्ट्स में पाए जाते हैं. खासतौर पर फ्रंट लोडिंग वॉशिंग मशीन से स्किन इंफेक्शन और खुजली के साथ सांस से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं. इससे बचाव के लिए मशीन की सफाई करें. महीने में एक बार वॉशर क्लीनर और गर्म पानी, विनेगर के से सफाई करें.

5. माइकोबैक्टीरियम इंफेक्शन

नॉन ट्यूबरकुलस माइकोबैक्टीरिया भी वॉशिंग मशीन में पाए जाते हैं, जिनकी वजह से स्किन और रेस्पिरेट्री इंफेक्शन हो सकता है. इससे बचने के लिए टॉवेल, जिम वाले कपड़े और स्किन से संपर्क में रहने वाले अन्य सामान की सफाई गर्म पानी में करें. इसके लिए समय-समय पर वॉशिंग मशीन में गर्म पानी डालकर चलाएं और उसकी सफाई का ध्यान रखें.

## अभिषेक बच्चन की आई वॉन्ट टू टॉक की कमाई में मामुली बढ़ोतरी



अभिषेक बच्चन इन दिनों फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। 22 नवंबर को उनकी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और खास बात यह है कि ज्यादातर समीक्षकों ने फिल्म की तारीफ की।खासकर अभिषेक ने अपने शानदार अभिनय के लिए खूब वाहवाही लूटी।हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन बेहद खराब प्रदर्शन करने के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी हुई है।आइए जानें फिल्म का कुल कारोबार।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, आई वॉन्ट टू टॉक ने पहले दिन 25 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था।पहले दिन इतनी खराब ओपनिंग लेने के बाद दूसरे दिन फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला और इसने 44 लाख रुपये कमाए। इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर आई वॉन्ट टू टॉक ने 2 दिन में कुल 69 लाख रुपये बटोरे । यह फिल्म एनआरआई अर्जुन सेन की कहानी दिखाती है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है, लेकिन वो अपनी बीमारी से तंग आकर हार नहीं मानता, बल्कि कैंसर से लड़ने के लिए हर मुमकिन कोशिश करता है।अभिषेक के साथ अभिनेत्री अहिल्या बामरू भी फिल्म में अहम भूमिका अदा करती नजर आई हैं।अभिषेक को पर्दे पर देख लगता है मानों उन्होंने अर्जुन की भूमिका घूंटकर पी ली हो। इस फिल्म के निर्देशक शूजीत सरकार हैं। अक्टूबर, सरदार उधम के बाद शूजित ने फिर मर्मस्पर्शी विषय को छुआ है।

## टैक्स फ्री होते ही बॉक्स ऑफिस पर छाई द साबरमती रिपोर्ट

विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी. लेकिन ये फिल्म पर्दे पर आने से पहले से ही चर्चा में बनी हुई है. रिलीज के बाद फिल्म ने भले ही शानदार ओपनिंग ना की हो लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक ने इसकी तारीफ की है. देश के कई राज्यों में द साबरमती रिपोर्ट टैक्स फ्री भी हो गई है जिसके बाद फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी हो गई है. फिल्म के प्रोडक्शन हाउस के मुताबिक द साबरमती रिपोर्ट ने पहले हफ्ते 14.3 करोड़ रुपए कमाए थे. दूसरे शुक्रवार फिल्म ने 1.86 करोड़ कमाए थे. वहीं अब दूसरे शनिवार द साबरमती रिपोर्ट ने कुल 2.6 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. बॉक्स ऑफिस पर अब विक्रांत मैसी की फिल्म ने कुल 18.99 करोड़ रुपए कमा लिए हैं.बता दें कि देश के कई राज्यों की सरकारों ने गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को टैक्स फ्री कर दिया है.

## शब्द सामर्थ्य -247

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 246 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |



## यामिनी मल्होत्रा की बिग बॉस 18 में होगी एंट्री, घर में शामिल होने से पहले ही कंटेस्टेंस से ले ली दुश्मनी

बिग बॉस सीजन 18 में इन दिनों वाइल्ड कार्ड एंट्री को लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं। ऐसे में खबर है कि तीन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शो में शामिल होंगे। उनमें से एक कंटेस्टेंट यामिनी मल्होत्रा है। बता दें कि यामिनी टीवी के हिट शो 'गुम है किसी के प्यार में' के लिए जानी जाती हैं। इस शो में उन्होंन शिवानी चव्हाण का किरदार निभाया था।

बिग बॉस 18 अब और भी ज्यादा इंटरस्टिंग होने वाला है। इस शो में तीन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री होने वाली है। हालांकि घर में रह बंद प्रतिभागियों की मुश्किल और भी ज्यादा बढ़ने वाली है। ऐसी खबर है कि शो में ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए तीन नए वाइल्डकार्ड की एंट्री होने वाली है। ये तीन वाइल्ड कार्ड एंट्री हैं अदिति मिस्त्री, एडिन रोज और यामिनी मल्होत्रा। चलिए बताते हैं तीनों वाइल्ड कार्ड में से एक यामिनी मल्होत्रा के बारे में।

यामिनी मल्होत्रा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है। उन्होंने 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल में शिवानी चव्हाण का रोल निभाया था। इस शो में दर्शकों ने उन्हें खूब पसंद भी किया था। हालांकि एक्ट्रेस ने बीच में ही यह शो छोड़ दिया था जिसके बाद उनकी भूमिका तन्वी ठक्कर ने निभाई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यामिनी अभिनेत्री होने के साथ एक डेंटिस्ट भी हैं। एक्टिंग से पहले एक्ट्रेस ब्रांडो के कई विज्ञापनों का हिस्सा भी रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें एक मिलियन से ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं। वहीं, एक्ट्रेस का यूट्यूब चैनल भी है जिसपर उन्हें 76 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

अगर एक्ट्रेस के नेटवर्थ की बात करें तो उनकी कुल संपत्ति लगभाग 4 करोड़ रुपये के आसपास है। ये ही नहीं एक्ट्रेस यामिनी सोशल मीडिया से भी तगड़ी कमाई करती हैं।

बता दें कि यामिनी ने घर में जाने से पहले इंटरव्यू दिया है जिसमें उन्होंने घर के अंदर के कुछ लोगों पर निशाना साधा और उन्हें फेक बताया है। उन्होंने रजत दलाल को कहा की वो अच्छा खेलते हैं और किसी भी मुद्दे पर खुलकर बात करते हैं। वहीं उन्होंने शिल्पा को फेक बताया है।

यामिनी ने ईशा, एलिस, अविनाश और विवियन को लेकर कहा कि वह लोग केवल घर में बैठकर चुगली करते हैं। वहीं, चुम को उन्होंने प्यारी कहा है।

## नुसरत भरूचा ने स्टाइलिश लहंगा पहन शेयर किया ग्लैमरस लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा हमेशा अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से इंस्टाग्राम पर तबाही मचाती रहती हैं। उनका सिजलिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है। ओपन हेयर, गले में नेकलेस और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट कर दिया है। नुसरत भरूचा की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं वो कैमरे के सामने सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं। नुसरत भरूचा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



## खरीदी में शिकायत मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई: श्याम बिहारी जायसवाल

**कोरिया।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मनेंद्रगढ़ के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने धान खरीदी केंद्र रतनपुर, बरदर, खड़गंवा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए धान खरीदी का जायजा लिया। श्री जायसवाल ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए समितियों में धान खरीदी प्रक्रिया का भी जायजा लिया। इस दौरान श्री जायसवाल ने समितियों में धान बेचने आए किसानों को माला पहनाकर और श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही समिति प्रभारियों, एसडीएम, तहसीलदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि किसानों से 21 क्विंटल की दर से ही धान खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि 21 क्विंटल से कम धान खरीदी की शिकायत मिलने पर समितियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संविधान दिवसः कोरिया जिले के अमृत सरोवरों पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोरिया।** जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर 26 नवंबर, मंगलवार को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को चिन्हित करने के लिए संविधान दिवस, 26 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले स्मरणोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष भर चलने वाले इस स्मरणोत्सव को ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' के टैगलाइन के तहत संचालित किया जाएगा और यह चार स्तंभों संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान के गौरव का पर्व मनाए जाने के सम्बंध में होगा। कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत और मनरेगा अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को संविधान की मूल भावना, उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे संविधान की उद्देशिका के मूल पाठ से होगी। संविधान दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी, भाषण, निबंध लेखन, और चित्रकला प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में समाज के सभी वर्गों और पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पंजीकृत महिला जॉब कार्ड धारकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को संविधान से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए यह पहल की गई है। ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच और ग्रामीण नागरिकों से इस आयोजन में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। संविधान दिवस के आयोजन से न केवल संवैधानिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि अमृत सरोवरों के संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें और इस महोत्सव में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

## कलेक्टर की त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के तैयारियों की समीक्षा

**सूरजपुर।** कलेक्टर जयवर्धन ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, नरेंद्र पैकरा और जगन्नाथ वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर जयवर्धन ने मतदाता सूची की अद्यतन स्थिति,मतदान केंद्र भवनों, रैंप, शौचालय सहित सभी सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के बारे में लोगों को किया जाए जागरूक : कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर सहित, सर्व एसडीएम व सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार एक-एक आवेदन पर जानकारी प्राप्त कर, निर्धारित समय पर आवेदन के निराकरण पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के बारे में लोगों को किया जाए जागरूक, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श सौर गांव कुंजनगर (बिश्रामपुर) में विद्युत विभाग, वेंडर, बैंक व हितग्राहियों के उपस्थित में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये ताकि हितग्राहियों को शीघ्र योजना का लाभ मिल सके।

# 21 क्विंटल खरीदी के हिसाब से हो काम



**चिरमिरी।** पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को एमसीबी ज़िले के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उपरोक्त ज्ञापन में डॉ. विनय ने बताया कि वर्ष 2023 में भाजपा सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विटल धान 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदे जाने की घोषणा अपने घोषणा पत्र में की गई थी, प्रदेश सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी नहीं किया की जा रही है जिस जिले के किसानों के साथ धोखाधड़ी हो रही है, प्रदेश सरकार अपने घोषणा पत्र का पालन नहीं कर रही है जिससे छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है, प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए के हिसाब से करें न किए जाने की दशा में स्थानीय एवं प्रदेश स्तर पर कांग्रेस पार्टी इसका व्यापक विरोध करेगी पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल ने पत्र के माध्यम से आगे बताया कि प्रदेश सरकार को हम अवगत करा रहे हैं कि अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों का पालन सुनिश्चित करें तथा रकबा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन ना करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 की प्रति दर के हिसाब से क्रय कर किसानों को विक्रय मूल्य का भुगतान करें, वहीं जिला कलेक्टर एमसीबी ने पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही आपके पत्र का अवलोकन कर कार्यवाही की जाएगी।

## धान खरीदी केंद्रों में श्रमिक पंजीयन शिविरों का आयोजन

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर श्रमिकों के पंजीयन और नवीनीकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन श्रम विभाग द्वारा किया है। यह अभियान 27 दिसंबर 2024 तक चलेगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को उनके अधिकारों और सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए श्रम पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्रो धौराटिकरा 27 नवंबर, जामपरा 29 नवंबर, सलबा, 2 दिसंबर, झारनापारा 3 दिसंबर, तरगंवा 4 दिसंबर, छिंदिया 5 दिसंबर,सरभोका 6 दिसंबर, पटना 9 दिसंबर, गिरजापुर 10 दिसंबर तथा सोनहत विकासखण्ड के कटगोड़ी, सोनहत, रजौली, अकलासरई, रामगढ़ धान उपार्जन केंद्रों में 11 से 17 दिसंबर और खड़गवां विकासखण्ड के बंजारीडांड, चिरमी, पोड़ी, जिल्दा, बैमा, बड़ेकलुआ में 19-27 दिसंबर तक शिविर लगेगी। श्रम पदाधिकारी ने सभी श्रमिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविरों में शामिल होकर अपने श्रम पंजीयन कार्ड बनवाएं या नवीनीकरण कराएं। उन्होंने बताया कि श्रमिक पंजीयन उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।



### 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है मानव अधिकार दिवस

**सूरजपुर।** जिले के कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उ. मा. वि. सूरजपुर में 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक ''मानव अधिकार दिवस'' तक विश्व भर में 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा पॉक्सो अधिनियम, गुड टच बैड टच, बाल विवाह एवं टोल फ्री नं0 1098, 112 आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती इंन्द्र तिवारी के द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत विभिन्न योजनाएं एवं सेवाएं जैसे वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन के प्रति जागरूकता एवं महिला उत्पीड़न घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पोर्टल, महिला हेल्पलाइन 181 इत्यादि के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम उपरांत छात्राओं की रैली भी निकाली गई कार्यक्रम लगभग 400 छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहें।

### 2 दिसम्बर को इंटरव्यू आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर, कैंपस वेटनरी पॉलीटेक्निक, सरनापारा, पर्री में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु रिक्त पद के विरूद्ध विषम सेमेस्टर सत्र 2024-25 में अध्यापन कार्य के लिए अंशकालीन व्याख्याता/ अस्थाई के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक को वॉक इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आवेदक 02 दिसम्बर 2024 को समय प्रातः 11.00 बजे अपने रिज्यूम, मूल दस्तावेजों एवं एक सेट छायाप्रति के साथ शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर में उपस्थित हो सकते हैं। समय प्रातः 11.30 बजे के पश्चात् आने वाले अभ्यर्थी प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। अंशकालीन व्याख्याता/ अस्थायी हेतु 01 पद व्याख्याता (अंग्रेजी), न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्था से अंग्रेजी विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। अधिक जानकारी के लिए संस्था के वेबसाइट www.polysurajpur. ac.in पर देख सकते हैं।

## निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने निकाली रैली



### अनिश्चितकालीन हड़ताल का पांचवा दिन

**चरचा कालरी।** विगत कई वर्षों से अपनी चार सूत्री मांगों के लिए संघर्षरत नगरीय निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट कर्मचारियों संघ के आवाहन पर प्रदेश स्तर पर आयोजित अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत विगत 5 दिनों से लगातार अनशन पर बैठे हुए हैं पूरे नगर पालिका क्षेत्र में निकाय के कार्य बंद पड़े हैं अत्यंत महत्वपूर्ण पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है वहीं पूरे निकाय क्षेत्र में कचरे का अंबार लग गया है साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गई है अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत सोमवार के दिन पालिका कर्मचारियों के द्वारा कर्मचारी एकता जिंदाबाद ,हमारी मांगे पूरी करो किनारे के साथ,पूरे कई क्षेत्र में रैली निकाली गई।

प्लेसमेंट कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान धरना स्थल पर स्थानीय नागरिकों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है वहीं राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन देने की बात कह रहे हैं भाजपा समर्थित पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और उनकी बातों को उच्च स्तर पर पहुंचने की बात कही इसी क्रम में कांग्रेस समर्थित पूर्व पालिका अध्यक्ष अजीत लकड़ा भी अपने सहयोगियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया नगर पालिका के पूर्व एल्डरमैन विक्रांत सिंह ने भी कर्मचारी की मांगों को पूरा होने तक कंधे से कंधा मिलाकर समर्थन देने की बात कही। नगरीय निकायों में कर्मचारियों का ठेका प्रथा हटाया जाए, 10 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए श्रम सम्मान निधि की राशि ?4000 अभिलंब प्रदान किया जाए कर्मचारियों का वेतन निकाय के माध्यम से ना कर सीधा उनके खाते में डाला जाए।



## प्रधानमंत्री आवास योजना से मिलने लगी तन-मन को शांति

**कोरिया।** संघर्षों से भरा जीवन जी रही कोरिया जिले के ग्राम गिरजापुर की श्रीमती शांति बाई के लिए अपना पक्का मकान कभी एक सपना था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी और उन्हें वह खुशी प्रदान की, जो उन्होंने वर्षों से चाही थी। स्वर्गीय धर्मपाल की पत्नी श्रीमती शांति बाई, जिन्होंने वैधव्य के साथ जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, अपनी पूरी ताकत से परिवार का पालन- पोषण करती रही हैं। उनके दो बच्चे और आठ सदस्यीय परिवार की आजीविका मुख्यतः कृषि पर निर्भर है। बरसों से कच्चे मकान में रह रही शांति बाई पक्के घर की चाह में थीं, लेकिन सीमित संसाधनों ने उनके इस सपने को साकार होने नहीं दिया। वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत श्रीमती शांति बाई को मकान निर्माण के लिए अनुदान प्राप्त हुआ। इस योजना ने उनकी उम्मीदों को नया पंख दिया। योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता का सही उपयोग करते हुए उन्होंने तेजी से अपने मकान का निर्माण कार्य पूरा किया। गृह प्रवेश का दिन श्रीमती शांति बाई के लिए एक भावुक और ऐतिहासिक क्षण था। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अलेक्जेंडर पन्ना ने ग्राम पंचायत सरपंच और ग्रामीणों की उपस्थिति में शांति बाई को उनके नए पक्के मकान की चाबी सौंपी। गृह प्रवेश के दौरान उनके चेहरे पर संतोष और खुशी के भाव छलक रहे थे। उन्होंने थाली में दीया, कुमकुम, पीले चावल और श्रीफल से गृह प्रवेश किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और श्री विष्णु देव साय सरकार को प्रधानमंत्री आवास मिलने पर धन्यवाद दिया। शांति बाई ने कहा, ''प्रधानमंत्री आवास योजना ने मेरे जैसे जरूरतमंदों को जीने की नई राह दी है। अब मेरे पास अपना पक्का मकान है, जो मुझे सामाजिक सुरक्षा और सम्मान का अहसास कराता है। अब मैं और मेरा परिवार शांति और सुकून के साथ जीवन बिता सकेंगे।ष् आज श्रीमती शांति बाई का परिवार अपने पक्के मकान में सुकून और गरिमा के साथ रह रहा है और यह उनकी मेहनत, संघर्ष और सरकार की सहायता का साकार रूप है''।

## 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी, भरम फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही

**कोरिया।** खरीफ वर्ष 2024-25 के तहत जिले के सभी 21 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी चालू हैं। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए हैं। सभी उपार्जन केंद्रों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सतत रूप से निगरानी की जा रही है। धान उपार्जन केंद्र में धान विक्रय के लिए किसान बिना किसी परेशानी के ऑनलाइन माध्यम से टोकन काटकर निर्धारित तिथि को धान विक्रय के लिए धान उपार्जन केंद्र पहुंच रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी द्वारा विभिन्न धान खरीदी केंद्र पहुंचकर व्यवस्था का जायजा भी ले रही हैं। धान खरीदी में पारदर्शिता बनाए रखने और गड़बड़ी रोकने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है और धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर अधिकारियों के द्वारा खरीदे जा रहे धान पर नजर रख रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले में धान पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 855 है और करीब 28 हजार 346 हेक्टेयर में धान बोए गए हैं। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा।अब-तक जिले के 281 किसानों ने 1250.44 मेट्रिक टन धान बेच चुके हैं। जिले के किसान लगातार धान की कटाई, मिंजाई के साथ धान बेचने में व्यस्त है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अवैध धान परिवहन, भण्डारण व फर्जी तरीके से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।



## गुम इंसान की हत्या करने वाले आरोपी को चौकी खड़गवां पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम झींगादोहर, चौकी खड़गवां निवासी इन्द्रमनिया पण्डो पति सोहर लाल पण्डो ने चौकी खड़गवां में उपस्थित होकर अपनी पुत्री सीमा पण्डो उम्र 35 वर्ष के संबंध में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी बेटी सीमा दिनांक 21.01.2024 को रात्रि में घर से बिना बताये कहीं चली गई, परिजनों के द्वारा 6-7 दिन पता तलाश करने पर पुत्री का पता नहीं चला। सूचना पर चौकी खड़गवां में गुम इंसान क्रमांक 05/2024 कायम कर जांच की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा पुराने लंबित सभी गुम इंसान की जांच हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुम इंसान की जांच गंभीरतापूर्वक व सूक्ष्मता से करने एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर लगाया था। इसी परिप्रेक्ष्य में गुम इंसान जांच के दौरान गुम इंसान के वारिशान तथा गवाहों के द्वारा सीमा के गुमशुदा होने के संबंध में सरसताल निवासी चन्द्रिका राजवाड़े का सीमा से प्रेमसंबंध होने व उसके गुम होने को लेकर चंद्रिका पर शंका जाहिर किए जो चन्द्रिका राजवाड़े को लाकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि वर्ष 2017 में जंगल में जलाउ लकड़ी लेने जाने के दौरान उसकी मुलाकात सीमा से हुई तथा दोनों का प्रेमसंबंध होने के उपरान्त दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे जो 21.01.2024 को सीमा का अन्य लोगों से बातचीत और मेल मिलाप करने एवं उसके चरित्र पर शंका कर पर सीमा और इसके बीच विवाद ग्राम झींगादोहर के बस्ती किनारे रात्रि करीब 8-9 बजे हुआ और आवेश में आकर लकड़ी के डण्डा से सीमा के कनपटी पर मारकर हत्या कर दिया और घटना को छुपाने के लिए सीमा के शव को कंधा में ढोकर सोनगरा झापीनाला जंगल में ले जाकर उसके पकड़े जला दिया।

### 17.40 किमी लंबी सड़क के लिए 40 करोड़ 87 लाख रूपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

# मनेंद्रगढ़ के चैनपुर से चिरमिरी के साजापहाड़ पहुंच मार्ग का होगा उन्नयन और चौड़ीकरण

**कोरिया।** स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों से ये वायदा किया था कि मूल सुविधाओं की कमी को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपने वायदे के अनुरूप श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में क्षेत्र में लगातार नए मानकों को स्थापित करने का कार्य किया है। इसी कड़ी में श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों की सुविधाजनक आवागमन को लेकर भी अपने प्रयासों से बड़ी सौगात दिलायी है। इसी कड़ी में मनेंद्रगढ़ के चैनपुर से चिरमिरी के साजापहाड़ तक 17.40 किमी लंबे सड़क मार्ग के उन्नयन और चौड़ीकरण के लिए श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से 40 करोड़ 87 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित है।

वर्ष 2003 के पहले रायपुर और राज्य के अन्य प्रांतों से मनेंद्रगढ़ तक पहुंचने का सबसे बड़ा साधन रेल मार्ग ही था। यहां की सड़कों की हालत इतनी खराब थी कि लोगों ने सड़कों पर चलना ही छोड़ दिया था। क्षेत्र के लोंगो द्वारा लंबे समय से मनेंद्रगढ़ के साजापहाड़ से चिरमिरी के चैनपुर तक सड़क निर्माण की मांग उठती रही। ऐसा होने से दोनों शहरों के बीच की न सिर्फ दूरी कम होती बल्कि आवागमन की सुविधा बेहतर होने से व्यापार और शिक्षा के स्तर में भी वृद्धि होती। लेकिन छत्तीसगढ़ निर्माण के तीन वर्षों तक तत्कालीन कांग्रेस सरकार व उनके स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दोनों शहरों को जोड़ने की दिशा के कोई काम नहीं किया । जबकि ये मांग काफी छोटी और बहुप्रतिक्षित थी। इसके बाद 2003 में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और औक क्षेत्र के लोगों को नई उम्मीद नजर आई। तत्कालीन विधायक दीपक कुमार पटेल जी ने इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए प्रयास किया गया और साल 2010 में इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होकर पोड़ी चौक से साजापहाड़ की सीमा तक 10 किमी लंबे सड़क का निर्माण हुआ। उस वक्त वन विभाग की अनुमति न मिलने से काम पूरा नही हो पाया। इस अधूरी सड़क के निर्माण को पूरा करने का जिम्मा साल 2013 में तत्कालीन विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने हाथों में लेते हुए वन विभाग की परेशानियों को विधानसभा में उठाया और तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री से चर्चा कर नवीन सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलवाई। नवीन सड़क का कार्य साल 2014 में प्रारंभ हुआ और 6 माह के भीतर दोनों शहर आपस में जुड़ गए। इससे चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ की मुख्य सड़क यही बन गयी। समय के साथ इस सड़क पर आवागमन का दबाव बढ़ा और लोगों की मांग उठने लगी कि इसका चौड़ीकरण किया जाए।




क्षेत्र के लोगों की मांग पर स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने वर्ष 2017-18 के बजट में इस सड़क के चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति विधानसभा में करा ली। लेकिन वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार के सत्ता में आने के बाद इस सड़क की चौड़ीकरण का कार्य फिर रूक गया और सड़क के चौड़ीकरण की प्रशासकीय स्वीकृति भी फाइलों में ही अटक कर रह गयी। लेकिन समय एक बार फिर बदला और वर्ष 2023 में भाजपा सरकार की फिर से वापसी हुई। इसके साथ ही स्थानीय और लोकप्रिय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को भी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का दायित्व दिया गया।

श्याम बिहारी जायसवाल पर पूरे प्रदेश का जिम्मा है इसके बाद भी वो मनेंद्रगढ़ के लोगों की समस्या का निराकरण सबसे पहले करने की कोशिश करते हैं। श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों का ही का नतीजा है कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मनेंद्रगढ़ चैनपुर से चिरमिरी साजापहाड़ की 17.40 किमी लंबी सड़क की पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति 40 करोड़ 87 लाख रूपए प्रदान कर दी है।

# सावधान! नए तरीके से सक्रिय हुए साइबर ठग, लग सकती है चपत

**कोरबा।** डिजिटल अरेस्ट के नाम से अब नया साइबर फ्राड चलन में आया है। दूरदराज में बैठकर ठगों का गिरोह इस प्रकार के मामलों को बढ़ाने में लगा हुआ है। मामले को सेटल करने के चक्कर में लोगों को बड़ी चपत लग रही है। पुलिस ने लोगों से सावधान रहने और बोगस फोन कॉल अथवा वाट्सएप पर फर्जी सूचना आने की स्थिति में नजदीकी थाने को सूचित करने को कहा है।



लगातार इस प्रकार के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे पहले घर की छतों पर या खेत में मोबाइल टॉवर लगाने के नाम पर लोगों को फोन कॉल करने और फिर दस्तावेज और प्रोसेस शुल्क के नाम पर ठगी की गई। फिर एटीएम ब्लॉक होने से लेकर सिम कार्ड के निष्क्रिय हो जाने का वास्ता देकर फ्राड गैंग ने अपनी भूमिका निभाई। जब तक लोग समझ पाते उनके खाते से रूपए निकाल लिए गए। इसके बाद और भी कई तौर-तरीके साइबर फ्राड के द्वारा अपनाए गए और चपत लगाई गई। कुछ महीने पहले विदेश से पार्सल आने का झांसा देकर कस्टम ड्यूटी के नाम से इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया गया। लोगों को जैसे-जैसे इस बारे जानकारी हो रही है, ठगी की दुकान चलाने वालों के हाथ से तोते उड़ रहे हैं। इसलिए अब नए तरीकों का इजाद करना शुरू किया है। इस कड़ी में अब डिजिटल अरेस्ट का सहारा लिया गया है। हाल में ही भिलाई के एक नागरिक को 49 लाख रुपए का झटका लगा जो पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित कंपनी में बतौर मैनेजर काम कर रहा था। उसे सीबीआई के नाम से कॉल करते हुए कहा गया कि उसने अपने आधार कार्ड से कई सिमकार्ड लिए हैं और करोड़ों का लेनदेन किया। इसके अलावा कुछ लोगों को अश्लील मैसेज किए गए। इसके जरिए उसे डिजिटल अरेस्ट बताकर पांच दिन के भीतर मोटी रकम ले ली गई। भिलाई पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। कोरबा क्षेत्र में लगातार कुछ लोगों के पास बोगस कॉल आ रहे हैं और संबंधितों को डराने-धमकाने के साथ प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। समय के साथ जागरूकता बढ़ने से लोग समझ रहे हैं कि ऐसे कॉल्स का मतलब क्या है और उन्हें करना क्या है।

**केस-1**

विकासखंड कोरबा की एक पंचायत की महिला सचिव इस बात से परेशान है कि कुछ दिनों से उनके नंबर पर कोई व्यक्ति फोन करने के साथ गठित रूप से धमकी चमकी दे रहा है। जब ऐसे कॉल्स को रेस्पॉन्ड नहीं किया गया था उसने वॉइस मैसेज भेज कर धमकी दी। यहां वहां से पता करने पर सचिव को जानकारी हुई की यह सब साइबर फ्रॉड से जुड़ा हुआ मामला है तब उन्होंने उक्त नंबर को ब्लॉक किया। क्योंकि ऐसे मामलों में सावधानी दिखाना ही जरूरी है।

**केस-2**

उत्तर प्रदेश में अध्यनरत एक छात्रा को भी साइबर फ्रॉड ने अपने चंगुल में लेने की कोशिश की लेकिन उसका यह प्रयास नाकाम रहा। उसके पास ऐसा ही एक कॉल गया था जिसमें कहा गया कि उसके पिता एक्सीडेंट हो गया है। छात्र ने जब बुद्धिमत्ता के साथ पूछताछ का क्रम शुरू किया तो सामने वाले के होश उड़ गए और उसे फोन डिस्कनेक्ट करना पड़ा।

**केस-3**

कोरबा में ही दीपिका क्षेत्र के एक पत्रकार को तीन दिन पहले साइबर फ्रॉड गैंग के द्वारा कॉल करने के साथ बताया गया कि विदेश से उसका पार्सल आया है और नई दिल्ली में इसके लिए एडवांस कस्टम ड्यूटी जमा करनी होगी। जब पूछा गया कि कस्टम ड्यूटी के लिए एडवांस पेमेंट का नियम कहां से लागू हो गया तो फोन करने वाले ने जानकारी देने के बजाय तुरंत कॉल काट दिया। घटनाएं बताती है कि लोगों की जागरूकता का स्तर पता होते ही साइबर फ्रॉड समझ जाते हैं कि उन्होंने गलत जगह पर प्रयास किया है

## जागरूकता अभियान चला रही है पुलिस

कोरबा जिले में पुलिस के द्वारा साइबर फ्रॉड से संबंधित घटनाओं की रोकथाम और आपराधिक तत्वों को हतोत्साहित करने के लिए पुलिस के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न कार्यालय सार्वजनिक स्थान आदि में छोटे-छोटे कार्यक्रम किया जा रहे हैं और इसके माध्यम से बताया जा रहा है कि साइबर फ्रॉड क्या है और यह सब किस प्रकार से होता है। ऐसे तत्वों से सावधान रहने और खुद को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए क्या कुछ आवश्यकता है इस बारे में पूरी जानकारी दी जा रही हैं। पुलिस का कहना है कि लोगों की सतर्कता ही इस मामले में उन्हें हर प्रकार के खतरे से बचा सकती है।। पुलिस ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास बाहर से इस प्रकार के फोन कॉल आते हैं या उनके व्हाट्सएप पर धमकाने वाली सूचना प्राप्त होती है, बिना देर किए पुलिस के पास शिकायत करें ताकि प्रभावी और शीघ्रतापूर्वक कार्रवाई की जा सके।



# खतरे में पड़ जाएगा जीवन कालोनी क्षेत्र में बनाए जा रहे ओवरब्रिज से

## निर्माण के विरोध में धरना दिया यूनियनों ने

**कोरबा।** एसईसीएल के ट्रेड यूनियनों ने प्रबंधन से जानना चाहा है कि क्या कोयलांचल में समस्याग्रस्त जीवन को और भी ज्यादा खतरे में डालने की तैयारी की जा रही है। सवाल इस बात को लेकर उठाया गया है कि दीपका में मुख्य मार्ग और कालोनी से होकर ओवरब्रिज का निर्माण करने से जनजीवन और ज्यादा प्रभावित होगा।



संविधान दिवस को इस मामले को लेकर एसईसीएल गेवरा परियोजना के श्रमिक चौक में संयुक्त मोर्चा द्वारा सरकार के चार श्रम कानूनों के विरोध में एक गेट मीटिंग और धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में हजारों श्रमिकों ने हिस्सा लेकर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

धरना प्रदर्शन में एसडी मानिकपुरी, एससी मंसूरी, अनुज राम, सेफ्टी बोर्ड व वेलफेयर सदस्यगण, एटक से दीपक उपाध्याय और एलपी अगरिया, सीटू से जनाराम कर्ष, संतोष कुमार, एचएमएस के केंद्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव सहित कई संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों विभागीय एवं ठेकेदारी मजदूर शामिल हुए।

श्रमिकों से अपील की कि यदि भविष्य में ओवरब्रिज निर्माण के विरोध में प्रदर्शन या चक्का जाम की जरूरत पड़ी, तो सभी एकजुट होकर आंदोलन के लिए तैयार रहें। संयुक्त मोर्चा के इस प्रदर्शन ने न केवल श्रमिकों की एकजुटता को दिखाया, बल्कि सरकार और प्रबंधन के मजदूर विरोधी फैसलों के प्रति सशक्त विरोध दर्ज कराया।

## इलाके का सत्यानाश करने की कोशिश

प्रदर्शन के दौरान संयुक्त मोर्चा ने दीपका गौरव पथ पर रेलवे फाटक के ऊपर बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण का विरोध करते हुए गेवरा प्रबंधन (कार्मिक) को ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि इस ओवरब्रिज के निर्माण और उस पर ट्रकों की आवाजाही से कॉलोनी में धूल प्रदूषण का खतरा बढ़ेगा, जो कॉलोनीवासियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि गेवरा प्रबंधन ने कॉलोनीवासियों और श्रमिक संगठनों से सलाह लिए बिना यह फैसला लिया, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## कोतवाली और करतला में वाहनों की नीलामी कल

**कोरबा।** लंबे समय से लावारिस स्थिति में पुलिस थाना और चौकी में खड़े वाहनों की नीलामी का रास्ता साफ होने के साथ अगली प्रक्रिया की जा रही है। कोतवाली थाना और करतला में बुधवार को यह कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए वाहनों की सूची जारी कर दी गई है। बताया गया कि इच्छुक लोग एक हजार रुपए की अमानत राशि जमा कर नीलामी में हिस्सा ले सकेंगे। जिले में लावारिस वाहनों की कुल संख्या 454 बताई गई है। इनमें से कुसमुंडा, दीपका और दर्री में सैकड़ों वाहन की नीलामी सोमवार को की गई। लगभग 11 लाख रुपए की राशि इस प्रक्रिया में प्राप्त हुई है। बताया गया कि इस कार्यवाही से थाना और चौकियों के परिसर से जुड़ी समस्या काफी हद तक दूर होगी और वहां की तस्वीर को बेहतर बनाया जा सकेगा।

# धान खरीदी शुरू होने के साथ भ्रष्टाचार निवारण वालों की गतिविधियां तेज

## दूरस्थ उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर कर रहे धमकाने का काम

**कोरबा।** आपने ठीक तरह पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की है। जहां-तहां शेड सही नहीं है। किसान कई प्रकार से शिकायत कर रहे हैं। इसलिए हमारा ख्याल करो वरना बात उपर तक जाएगी और फिर समस्या होगी।



यह अंदाज है भ्रष्टाचार और मानव अधिकार की दुकान चलाने वालों का। वे धान खरीदी सीजन 2024-25 की शुरुआत होने के साथ सक्रिय हो गए हैं। कोरबा जिले में धान खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ हुई है जो पूरे दो महीने तक चलना है। 65 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए त्रि-स्तरीय व्यवस्था की गई है। जिले में धान का रकबा पिछले वर्ष की तुलना बढ़ा है और किसानों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। कारण बताया जा रहा है कि पिछले विधानसभा चनुाव में नए समर्थन मूल्य की घटना के कारण किसानों का उत्साह बढ़ा है। इस नाते कई प्रकार से परिवर्तन हुए हैं। अनेक दूरस्थ उपार्जन केंद्रों से इस तरह की चीजें सामने आ रही है कि अभी से अवैध वसूली करने वाली गैंग सक्रिय हो गई है। ये कभी बोगस प्रेस कार्ड लेकर पहुंचते हैं तो कभी भ्रष्टाचार निवारण और मानव अधिकार समिति के नाम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। ऐसी टीमें संगठित रूप से आती हैं ताकि दबाव बना सकें। सोमवार को सक्ती से ऐसे कुछ लोग कोरबा विकासखंड के चिर्रा, श्यांग क्षेत्र में पहुंचे। वे अपने अधिकार संपन्न होने का वास्ता देने के साथ बताती है कि केंद्र में काम कैसे होना चाहिए। पहले धमकाने-चमकाने का काम होता है और बात नहीं बनने पर शिकायत पर पहुंच जाते हैं। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य अवैध वसूली का है।

## संविधान दिवस पर बसपा ने किया कार्यक्रम

**कोरबा।** बसपा के द्वारा आज संविधान दिवस के अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोरबा विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम निहारिका क्षेत्र में आयोजित हुआ। जिसमें जिला प्रभारी ए.डी.जांगड़े, जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र बंजारे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में प्रभारी डी.आर.जाटवर, सत्यजीत कुर्रे, मनोज हिरवानी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस मनाया।

## उद्योग नीति पर जताई नाराजगी, की गई नारेबाजी

**कोरबा।** आज कोयला कामगारों ने इकाईयां व एरिया में केंद्र सरकार के उद्योग नीति के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में चार श्रमिक संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। मानिकपुर में प्रमोद बनर्जी, उज्जवल बनर्जी, राजू श्रीवास्तव, जी.राजेश, सुरेंद्र कुमार, जय मुखर्जी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी तरह सिंघाली, सराईपाली क्षेत्र में भी कृष्णा तिवारी, बेलोराम, राजेश साहू सहित अन्य संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया। गेवरा में भी बेरियर के निकट रेशमलाल यादव, एसडी मानिकपुरी, एलपी अघरिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया जबकि दीपका में गिरजा साहू व तरूण राहा के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। आज शाम को कुसमुंडा में साजी जॉन, समार सिंह, एन.के.सिंह, राजू सोनी, बृजराज पनिका, अजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

## मुड़ापार बाजार की दुर्गंध से परेशानी

**कोरबा।** अरसे बाद भी यहां के मुड़ापार बाजार के उस हिस्से ने लोगों को परेशान कर रखा है जहां मांस की बिक्री की जा रही है। कारोबारियों के द्वारा अपशिष्ट को यहां-वहां फेंक देने के कारण चुनौतियां बढ़ रही है। आसपास की आबादी का इस वजह से सांस लेना दूभर हो रहा है।

# एमपी नगर में रामायण अनुष्ठान के लिए तैयारी


**कोरबा।** एमपी नगर वार्ड क्रमांक 24 अटल आवास में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 4 से 13 दिसंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 4 दिसंबर को किया जाएगा। प्रात- 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जो साडा शिव मंदिर से जल भरकर वार्ड का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। वेदी स्थापना एवं देव पूजन के साथ कथा प्रारंभ की जाएगी। 13 दिसंबर को हवन, सहस्त्रधारा, चढ़ोतरी व ब्राम्हण भोज के साथ आयोजन का समापन होगा। आचार्य जितेन्द्र शर्मा बबलू महराज द्वारा पूजा पाठ संपन्न कराया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे व संध्या 7.30 बजे संगीतमय आरती की जाएगी। बाहर से आने वाले मानस मंडली के लिए भंडारे में भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। वार्ड पार्षद श्रीमती आशा जायसवाल व समाजसेवी रामप्रकाश जायसवाल द्वारा प्रतिदिन आए हुए सभी मानस मंडली का शाल व श्रीफल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए आयोजन समिति गठित की गई है। जिसके मुख्य संरक्षक वार्ड पार्षद आशा जायसवाल, अक्षय दुबे, दिनेश वैष्णव, रामप्रकाश जायसवाल बनाए गए हैं। संरक्षक



देवनारायण पांडेय, राज राठौर, नरेश साहू, लक्की पांडेय, गोपाल प्रसाद, सतीश पवार, इंद्रजीत कौर, मननजय साहू, मानसिंह राठौर, हिरेन्द्र तिवारी व संजू राजपूत होंगे। पदाधिकारियों में अध्यक्ष रतन बाई राठौर, उपाध्यक्ष चंदा कंवर, मंजू कर, सचिव दीपिका (सोनिया) केशरवानी, केसर श्रीवास, सहसचिव लक्ष्मीन महंत, कोषाध्यक्ष जानकी बाई सूर्यवंशी, सहकोषाध्यक्ष रामेश्वरी यादव को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य सुनीता यादव, मंजू महंत, उर्मिला सूर्यवंशी, शकुन महंत, यशोदा साहू होंगी। कार्यक्रम के संयोजक संदीप केशरवानी व अशोक राठौर होंगे। स्टोर प्रभारी सुखनंदन मरकाम, राधेश्याम सूर्यवंशी बनाए गए हैं। मंच संचालन जिम्मेदारी मेषराम पटेल, विनोद श्रीवास, संदीप केशरवानी, राधेश्याम सूर्यवंशी व सत्यजीत वैष्णव को दी गई है। इसके अलावा सभी निवासी सदस्य बनाए गए हैं।

## चुनाव प्रभारी राज पांडे लेंगे बैठक

**कोरबा।** भाजपा के जिला चुनाव प्रभारी राजा पांडे के द्वारा आज कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए बूथ चुनाव के संबंध में जानकारी ली जाएगी। मंडल में ज्योतिनंद दुबे, आरिफ खान, सतीश झा सहित अन्य कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा शक्ति केंद्र प्रभारी मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, सुभाष राठौर, योगेश मिश्रा सहित सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी रिपोर्ट सौपेंगे। इस बैठक के बाद रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। जिसमें मंडल चुनाव अधिकारी आकाश सक्सेना टिकेश्वर राठिया, डॉ. आलोक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com